53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 18.2°c अधिकतम 31.9 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:25, सूर्यास्त - 5:41 | वर्ष : 53/अंक : 291 बुधवार, 22 अक्टूबर 2025 कार्तिक, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

जिंदगी कभी भी करवट ले सकती है, गुमां न करें, बुलंदियां छुएं हजार मगर उसके लिए कोई गुनाह न करें।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

अखिलेश यादव ने अपने बयान से हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है : केशव प्रसाद मौर्य



शब्दों से मिले घाव जल्दी से नहीं भरते........

# अमावस की अंधेरी रात के सीने पर लिखी शुभ दीपावली

**▶▶ बाजारों से घर-आंगन और गलियों तक रंग बिरंगी रोशनी की झालरें दमकीं ▶▶ आसमान पर रंगीन आतिशबाजी के साथ पटाखों की धूम-धड़ाम जमकर गूंजी ▶▶ मिठाई, उपहार और शुभकामनाओं के आदान-प्रदान के साथ हुआ लक्ष्मी पूजन**

**मुजफ्फरनगर, 21 अक्टूबर (बु.)।** अमावस की अंधियारी रात के सीने पर रंग बिरंगी चिंगारियों से शुभ दिवाली की इबारत टांकते रॉकेट व आतिशबाजी। धूम-धड़ाम के साथ गूंजती बच्चों की किलकारियां। झिल-मिलाती बहुरंगी झालरों, दीपकों और मोमबत्तियों की कतारों से क्षितिज पर झिलमिल सितारे टांकता प्रकाशोत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दिनभर उपहार के रूप में मिठाई का आदान-प्रदान और रात में घरों में लक्ष्मी पूजन के साथ भगवान राम के अयोध्या आगमन का उत्सव अनूठा रहा।













## बाजार, गली, घर आंगन सब जगह झिलमिलाए प्रकाश के रंग

**मुजफ्फरनगर।** नगर में दीपों का पर्व दीपावली उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया। घर और आंगन दीपों की झिल-मिलाहट से जगमगा उठे। अमावस्या की अंधियारी रात में दीपों की रोशनी, आतिशबाजी के प्रकाश और घरों में लगी रंगबिरंगी मनभावन सीरीज की लड़ियों ने अवनी से अंबर तक घने अंधेरे को दूर हटाकर हर तरफ उजियारा कर दिया। हर तरफ दीपावली की देर रात तक पटाखों की गूंज गूंजती रही। खुशियों से भरे इस त्यौहार के अवसर पर हर घर में दीपोत्सव मनाया गया। हर घर में कई झिलमिलाती झालरों से रोशनी दीपोत्सव की आहट दे रही थी। हर घर में साफ-सफाई के बाद एक अलग ही माहौल बना हुआ था। हर घर के सामने दीप जल रहे थे। सजे-धजे घर के सामने रंग-बिरंगी रंगोली की छठा बिखर रही थी। लोगों ने अपने घरों को लड़ियों के साथ अशोक और आम के पत्तों और पुष्प मालाओं से खूब सजाया। मुहूर्त के अनुसार धन की देवी महालक्ष्मी का पूजन-अर्चन किया गया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में खुशी की लहर नजर आई। रोशनी के पर्व के अवसर पर एक-दूसरे को शुभकामनाओं का आदान-प्रदान सुबह लेकर शाम तक होता रहा है। सोशल मीडिया शुभकामनाओं के संदेशों से लबरेज रहा।

## द्वार-आंगन सजी रंगोली

**मुजफ्फरनगर।** दीपावली के अवसर पर सभी घरों के सामने रंगोली सजाने की परंपरा का निर्वाह किया गया। सभी घरों के सामने और आंगन में महिलाओं ने आकर्षक रंगोली बनाई। ज्यादातर घरों में बाजार से बनी बनाई रंगोली लाकर मां लक्ष्मी के चरणों के साथ चिपकाई गई। रंगोली सज्जा के साथ भगवान राम के प्रति श्रद्धा और लक्ष्मी के स्वागत के लिए बनाई जाती है। कहा गया है कि जिस द्वारे पे घर की बहू रंगोली सजाती है, उस द्वारे से घर के अंदर लक्ष्मी आती है।

## घरों व्यापारिक प्रतिष्ठानों में हुई गणेश-लक्ष्मी की पूजा

**मुजफ्फरनगर।** दीपावली पर सभी हिन्दू परिवारों के लोगों ने धन की देवी लक्ष्मी जी की शुभ-मुहूर्त में पूजन-अर्चन किया। व्यापारियों द्वारा दिवाली पर नए बही खाते के पूजन की भी परम्परा है। वर्षभर अपने प्रतिष्ठान में कमाई करने वाले व्यापारियों ने भी दुकान पर ग्राहकों की भीड़ रहने के बाद भी लक्ष्मी जी को सिंहासन पर विराजमान कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गयी। दुकान में ही दीपावली मनाई। इसके बाद घर पहुंचकर घर में भी धन की देवी की पूजा की। बही खातों का पूजन कर स्थिर लक्ष्मी के घरों में निवास करने और व्यापार में उन्नति के साथ सुख समृद्धि की कामना की गई।

**धूम-धड़ाम के साथ रंग-बिरंगी रोशनी में नहाया आसमान - मुजफ्फरनगर।** दिवाली पर युवाओं और बच्चों ने अपने घर आंगन में जमकर आतिशबाजी की। बच्चों और महिलाओं के साथ पूरे परिवार के लोगों ने पटाखे फोड़े। जमीं से आसमान तक आतिशबाजी की गूंज गूंजती रही। कई ऊपर जाने वाले पटाखों ने आसमान को भी रंगीन बना दिया था। आसमान की छठ देखते ही बनती थी। तरह-तरह के तेज धमाकों वाली आतिशबाजी ने भी लोगों का मन मोह लिया। सबसे ज्यादा उत्साह छोटे बच्चों में देखा गया। सुबह से ही बच्चे पटाखे चलाते दिखे, लेकिन शाम को महालक्ष्मी के पूजन के बाद बच्चों को आतिशबाजी के साथ किलकारियों ने माहौल को खुशनुमा बना दिया। रंग-बिरंगी रोशनी छोड़ने वाली फुलझड़ियां, अनार, भूमि पर घूमने वाली चकरियां और जमीन पर मारकर आवाज करने वाले छोटे पटाखों के साथ पिस्तौलनुमा खिलौने बच्चों को खूब भाए, तो युवाओं में रॉकेट, आसमानी पटाखों और बुलेट बम जैसे धमाकेदार पटाखों का क्रेज रहा। आसमान पर रंगीन फुग्गे भी रोशनी के साथ उड़ते नजर आए।

# दर्दनाक : ट्रैक्टर से कुचलकर फट गया सीना, धड़कता रहा सड़क पर निकलकर गिरा दिल

**▶▶ शाहपुर के पास दर्दनाक हादसा: सरिए से भरे ट्रैक्टर को ट्रक ने मारी टक्कर**
**▶▶ ट्रैक्टर पर बैठे युवक के नीचे गिरने के बाद उतरा पहिया, चिथड़े हुआ शव**
**▶▶ हादसे के बाद लगा जाम, ट्रक चालक भागा, क्लीनर व ट्रक कब्जे में लिया**

**शाहपुर, 21 अक्टूबर (बु.)।** दिल दहला देने वाले हादसे में ट्रक द्वारा ट्रैक्टर में टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर सवार युवक नीचे गिरकर अपने ही ट्रैक्टर से कुचल गया। हादसा इतना गंभीर था कि कुचले जाने के दौरान युवक का सीना फट गया और उसका दिल निकल कर



पांच मीटर दूर जाकर गिरा। काफी देर तक सड़क पर पड़ा दिल धड़कता रहा और इसके बाद शांत हो गया। हादसे के बाद जिसने भी यह नजारा देखा उसकी आंखें फटी की फटी रह गई। ट्रक चालक फरार हो गया, जबकि क्लीनर को लोगों ने दबोच कर पुलिस को सौंप दिया।

मुजफ्फरनगर मार्ग पर काकड़ा और रसूलपुर के बीच आज देर शाम करीब आठ बजे एक बेहद दर्दनाक हादसे ने लोगों को दहला दिया। बताया गया है कि फुगाना क्षेत्र के खरड़ का निवासी तीस वर्षीय भानू पुत्र जय सिंह अपने साथी पप्पू के साथ मुजफ्फरनगर से सरिया लेकर बुढ़ाना की ओर जा रहा था। जैसे ही उनका ट्रैक्टर काकड़ा और रसूलपुर के बीच पहुंचा तो पीछे से तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद उस पर बैठा भानू उछलकर नीचे गिरा और ट्रैक्टर का पहिया उसके ऊपर से उतर गया। इससे उसका शरीर बुरी तरह कुचल गया। हादसे में उसका सीना फट गया और उसका दिल निकलकर करीब पांच मीटर दूर जाकर गिरा। वहां मौजूद लोग यह देखकर हक्के बक्के रह गए। उन्होंने सड़क पर पड़े दिल की वीडियो बनाई जो काफी देर तक धड़कता रहा। कुछ देर धड़कने के बाद दिल शांत हो गया। हादसे में ट्रैक्टर चला रहा पप्पू भी घायल हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया। वहां मौजूद लोगों ने क्लीनर को पकड़ लिया। हादसे के बाद सड़क पर जाम लग गया। इसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्लीनर को हिरासत में



लेने के साथ ट्रक को अपने कब्जे में ले दिया। पुलिस ने पप्पू से जानकारी कर भानू के परिवार वालों को हादसे की जानकारी दी। हादसे की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मेरी पत्नी और मेरा ससुर मौत के लिए जिम्मेदार

## वीडियो बनाकर युवक ने जहर खाकर जान दे दी



**चरथावल, 21 अक्टूबर (बु.)। मेरी पत्नी और मेरा ससुर मौत के लिए जिम्मेदार है। वीडियो बनाकर एक युवक ने जहर खाकर जान दे दी। घटना के बाद परिजनों में शोक फैल गया। उन्होंने अस्पताल से शव को उनके सुपुर्द करने को लेकर हंगामा भी किया, लेकिन पुलिस ने पोस्टमार्टम के बिना शव देने से इंकार कर दिया। चरथावल देहात के कुटेसरा रोड निवासी 26 वर्षीय आरिफ पुत्र सरताज की शादी मुजफ्फरनगर में सरवट निवासी युवती के साथ हुई थी। बताया जा रहा है कि काफी समय से पति पत्नी में विवाद चला आ रहा था और ससुराल वाले उसकी पत्नी को नहीं भेज रहे थे। उसे तमाम तरह से उत्पीड़ित किया जा रहा था। आज शाम करीब आठ बजे उसने विषैला पदार्थ खा लिया। इसके बाद उसने वीडियो बनाया और इसे परिवारजनों को भेज दिया। उसके जहर खाने से परिजनों में हड़कंप मच गया। वे पहले उसे दधेड़ू में एक व्यक्ति के पास ले गए जो जहर का इलाज करता है। उसके इंकार करने पर आरिफ को बेगराजपुर मैडीकल कॉलेज ले जाया। वहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। आरिफ के परिजन भी वहां पहुंच गए। मौत के बाद वे शव को उनके सुपुर्द करने की मांग करते हुए हंगामा करने लगे। इस पर वहां पहुंची पुलिस ने बिना पोस्टमार्टम के शव देने से इंकार कर दिया।**



# घास मंडी की तीन दुकानों में आग से मचा हड़कंप, अंदर रखे थे दो दर्जन गैस सिलेंडर

**दमकल ने आग बुझाई, सिलेंडरों में आग लगती तो दहल जाती घास मंडी**





**मुजफ्फरनगर, 21 अक्टूबर (बु.)।** घास मंडी में आज रात तीन दुकानों में आग लगने से हड़कंप मच गया। तीनों दुकानों में गैस चूल्हे और सिलाई मशीन रिपेयरिंग का कार्य होता था। इसके चलते वहां 21 छोटे बड़े गैस सिलेंडर भी रखे थे। गनीमत यह रही कि सिलेंडरों ने आग नहीं पकड़ी वर्ना पूरी घास मंडी दहल जाती। घास मंडी में आज देर शाम करीब आठ बजे उस समय एक बड़ा हादसा बाल-बाल बच गया जब गैस चूल्हों और सिलाई मशीन की सुधार का कार्य करने वाली तीन दुकानों में



आग लग गई। आग के बाद हड़कंप गया। पहले एक दुकान में आग लगी जो आसपास की दो अन्य दुकानों में फैल गई। दुकानदारों ने पड़ौसियों की मदद से आग बुाने की कोशिश की और अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। दमकल की गाड़ी वहां पहुंची और आग पर समय रहते काबू पा लिया गया। बताया गया है कि आग से सबसे अधिक नुकसान अब्दुल कादिर पुत्र अबुल हक की दुकान पर हुआ। इस दुकान के अंदर से फायर ब्रिगेड ने करीब 21 छोटे बड़े खाली भरे हुए सिलेंडर बरामद किए। सबसे कम नुकसान कालू की दुकान के नाम से संचालित कर रहे देवेंद्र सिंह को हुआ, जबकि उनके ही पड़ौस में जीएस लाइट के नाम से दुकान चला रहे गुरु चरण सिंह की दुकान में आग से नुकसान हुआ। जीएस लाइट की दुकान से भी दो बड़े घरेलू सिलेंडरों को दुकान संचालक द्वारा मौके से निकाल कर दुपहिया वाहन द्वारा घटना स्थल से हटाकर तत्काल दूर ले जाया गया। आग समय से बुा जाने और सिलेंडरों के आग ना पकड़ने के कारण घटना ने विकराल रूप नहीं लिया अन्यथा एक बड़ी घटना हो सकती थी।

## शॉर्ट सर्किट मानी जा रही आग की वजह

**मुजफ्फरनगर।** प्रथम दृष्टया आग लगने का मुख्य कारण बिजली की तारों में शॉर्ट-सर्किट होना बताया जा रहा है। आग को बढ़ता देख तुरंत विद्युत विभाग को इसकी सूचना देकर विद्युत आपूर्ति बंद कराई गई और आग को बढ़ने से रोककर दमकल कर्मियों ने उस पर काबू पाया। आग बुा जाने से आसपास के दुकानदारों ने राहत की सांस ली।

## सबसे बड़ी दिवाली, छह लाख करोड का कारोबार

**नयी दिल्ली, 21 अक्टूबर (वार्ता)** इस दिवाली पर सामानों की बिक्री और सेवाओं को मिलाकर छह लाख करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार का अनुमान है। व्यापारियों के अग्रणी राष्ट्रीय संगठन कैट की मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि दिवाली पर 5.40 लाख करोड़ रुपये के सामान और 65 हजार करोड़ की सेवा क्षेत्र की बिक्री हुई। कैट ने देशभर के 60 प्रमुख वितरण केंद्रों - जिनमें सभी राज्यों की राजधानियां एवं टियर-2 और टियर-3 शहर शामिल हैं - पर आधारित रिपोर्ट में कहा है कि इस वर्ष दिवाली पर देशभर में कुल बिक्री 6.05 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गयी। इसमें 5.40 लाख करोड़ रुपये का वस्तु व्यापार और 65 हजार करोड़ रुपये का सेवा व्यापार शामिल है। यह अब तक के देश के व्यापार इतिहास का सबसे बड़ा त्योहारी कारोबार है।

## जो दिए जलाते हैं, वो कुछ भी जला सकते हैं: आजम

**रामपुर, 21 अक्टूबर (एजेंसी)। सीतापुर जेल से छूट कर आए रामपुर के सपा नेता आजम खान ने दिवाली पर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा जो लोग दीये जलाते हैं, वे कुछ भी जला सकते हैं। सपा नेता ने कहा कि दीये जलाये नहीं, रोशन किए जाते हैं। आजम खान ने कहा कि जो लोग दीये रोशन करते हैं, उनका मकसद उजाला करना, ठंडक देना और नफरतों के अंधेरे को मिटाना होता है। सपा नेता ने कहा कि उन्हीं लोगों का वो सम्मान करते हैं और उन्हीं लोगों से वो मोहब्बत भी करते हैं।**



## यूपी वालों ने दिवाली पर खपाई रिकॉर्ड 1490 लाख यूनिट बिजली

**लखनऊ, 21 अक्टूबर (एजेंसी)। दिवाली पर उत्तर प्रदेश में बिजली खपत ने नया रिकॉर्ड बनाया है। 24 घंटे में प्रदेश में कुल 1490 लाख यूनिट बिजली का उपभोग हुआ, जिसके साथ यूपी देश में पहले स्थान पर रहा। हरियाणा 1390 लाख यूनिट के साथ दूसरे स्थान पर रहा। यूपी का यह रिकॉर्ड खपत राज्य की बेहतर बिजली आपूर्ति और बढ़ते उपभोग को दर्शाती है। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के आंकड़ों के मुताबिक, दिवाली के 24 घंटों के दौरान प्रदेश में कुल 1490 लाख यूनिट बिजली की भारी-भरकम खपत दर्ज की गई। यह आंकड़ा पिछले रिकॉर्ड्स को तोड़ते हुए यूपी को पूरे देश में बिजली उपभोग के मामले में पहले स्थान पर ले आया है।**

# आंखों में जलन और सांसों में घुटन, एक्यूआई 210

**▶▶ दिवाली के बाद धुंधला रहा आसमान, सूरज रहा मद्धम ▶▶ श्वांस रोगियों के लिए विषैला धुआं बना परेशानी का सबब**

**मुजफ्फरनगर, 21 अक्टूबर (बु.)।** दिवाली का दिन इस बार काफी गर्म रहा। इस बार हवा चलने के कारण प्रदूषण हुआ जरूर बहुत अधिक नहीं हुआ। दिवाली के बाद सुबह से आसमान पर धुंधलका छाया रहा और सूर्य की रोशनी काफी मद्धिम रही। नगर में आज एक्यूआई 210 यानि पुअर स्थिति में

AIR QUALITY INDEX



रहा। प्रदूषित हवा के कारण आंखों में जलन और सांसों में घुटन का अहसास होता रहा। तापमान अधिकतम 31.9 और न्यूनतम 18.2 डिग्री दर्ज किया गया। शहर की हवा दिवाली से पहले ही बिगड़ने लगी थी। दिन पूर्व ही एक्यूआई सौ अंक बढ़ गया था। ऐसे में माना जा रहा था कि दिवाली पर पटाखों के बाद एक्यूआई काफी खराब स्थिति में होगा। पटाखों के बीच उड़ रहा जहरीला धुआं नथुनों में घुसकर परेशान करता रहा। इसके चलते आंखों में जलन का अहसास होता रहा। श्वांस रोगियों के लिए यह प्रदूषित हवा खासतौर से परेशानी पैदा करती रही। आज सुबह आसमान पर धुंधलका छाया रहा। ऐसे में सूरज की किरणें भी धुंधली रही। दिन में भी आसमान पर ऐसे ही धुंध बादलों का भ्रम पैदा करती रही। नगर में मंगलवार को एक्यूआई 210 यानि पुअर स्थिति में रहा। तापमान अधिकतम 31.9 और न्यूनतम 18.2 डिग्री दर्ज किया गया। ऐसे में आज भी मौसम गर्म बना रहा। माना जा रहा है कि गर्माहट में प्रदूषित हवा और आसमान में छाए धुंधलके और स्मॉग ने भी बड़ा योगदान दिया।

## युवाओं ने जमकर दौड़ाई पटाखा बाइकें

**मुजफ्फरनगर, 21 अक्टूबर (बु.)।** दिवाली पर पटाखों की गूंज का बाइक सवार आवारा लड़कों ने खूब फायदा उठाया। प्रतिबंधित मॉडीफाइड साइलेंसर लगी बाइकों से गली मुहल्लों को दहलाते बाइकर बेरोकटोक घूमते रहे। दिवाली के पटाखों के बीच अवैध रूप से मॉडीफाइड साइलेंसर लगी बाइकों की भी दिवाली रही। गली मौहल्लों में युवा पटाखों की आवाज करने वाली बाइकों पर खुलकर धमाके करते घूमते रहे। दिवाली के बीच उन्हें रोकने टोकने वाला भी कोई नहीं था। तेज गति से बाइकें दौड़ाते यह युवक फटाक-फटाक करते हुए लोगों का सिरदर्द बने रहे।

## देर रात तक जमकर गूंजे पटाखे, हवा हुए समय के प्रतिबंध

**मुजफ्फरनगर, 21 अक्टूबर (बु.)।** दिवाली पर इस बार जमकर पटाखों की गूंज रही। हालांकि विगत वर्षों के मुकाबले इस बार कम पटाखे छोड़े गए। पिछले वर्षों में पटाखों की गूंज सुबह तक सुनाई देती थी, लेकिन इस बार पटाखों की धमक अधिकांशत आठ से रात दो बजे के बीच ही सुनाई दी। पटाखों के साथ बच्चों ने गंधक-पोटास मिलाकर नाल से जमकर धमाके लिए। युवतियां भी ऐसे नाल वाले पटाखे छुड़ाने में पीछे नहीं रहीं। आसमान में रंगीन रोशनी छोड़ने स्कॉई शॉट्स, राकेट, फुलाड़ियां, अनार, चक्रियां, बैलून लैंटर्न, लड़ियां और बुलेट बम सहित तमाम पटाखों से आसमान चमकने के साथ धुआं-धुआं होता रहा। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट के दिवाली पर निर्धारित समय के प्रतिबंध भी पटाखों की गूंज में दबकर रह गए। दिवाली पर पटाखे परंपरा का हिस्सा बन चुके हैं। ऐसे में पटाखों को लेकर युवाओं और बच्चों में खास क्रेज दिखाई दिया। ऐसे में कई दिनों से छोटे बच्चे और युवा गली मुहल्लों में बिक रहे पटाखे तथा नाल में गंधक पोटास भरकर धमाका करने वाले पटाखे छुड़ाने में लगे थे। ऐसे में दिवाली की शाम तो पटाखों की धूमधड़ाम के नाम रही। शाम से ही पटाखों की गूंज सुनाई देने लगी थी। ऐसे में बच्चे पटाखों को लेकर खास तौर से उत्साहित नजर आए। युवाओं में तेज आवाज करने वाले पटाखों के साथ आसमान में छुड़ाए जाने वाले स्टाई शाट्स और रॉकेट आदि का क्रेज दिखा तो बच्चे और महिलाएं फुलाड़ियों, अनार और चक्रियों पर ूमते दिखे। रंग बिरंगी रोशनी छोड़ने वाली फुलाड़ियां खासतौर से पसंद की गईं। छोटे बच्चे जमीन पर मारकर आवाज करने वाले पटाखों के मुरीद रहे, या फिर रील के पटाखों वाली पिस्टल उनकी पसंद रहीं।

# सूदखोर ने पीटा तो युवक ने जहर खाकर दी जान

**मुजफ्फरनगर, 21 अक्टूबर (बु.)।** उधार की रकम सहित ब्याज की बकाया धनराशि न देने से आक्रोशित सूदखोर ने अपने साथियों के साथ बेरहमी से की पिटाई से तनाव में आए युवक द्वारा जहरीला पदार्थ पीकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक के परिजनों द्वारा कोतवाली में सूदेखारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार नगर के इस्लामनगर कॉलोनी निवासी अजीम पुत्र मौ. रशीद द्वारा कोतवाली में दी गयी तहरीर में बताया गया कि उसके पुत्र मुबस्सिर ने नगर की आवास विकास कॉलोनी निवासी रोशन दीक्षित पुत्र गोपाल शर्मा सूदखोर से गत एक वर्ष पहले पचास हजार रुपये उधार लिये थे। मुबस्सिर द्वारा उधार ली गयी रकम की एबज में 70 हजार रुपये वापस रोशन दीक्षित को लौटा दी गयी थी, लेकिन सूदखोर रोशन ने उधार ली गयी रकम पर ब्याज पर ब्याज लगाकर मेरे पुत्र मुबस्सिर से लगातार एक लाख रुपये बाकी रकम की वापसी के लिए लगातार दबाव बनाकर रहा था तथा उसका मानसिक उत्पीड़न कर रहा था। पिता अजीम का आरोप है कि गत दिवस सूदखोर रोशन ने अपने मुनीम पंकज पुत्र महकार निवासी आवास विकास कॉलोनी मेरे घर से मुबस्सिर को बाइक द्वारा बुलाकर अज्ञात स्थान पर ले गया, जहां सूदखोर रोशन व पंकज सहित उनके साथी दुष्यंत निवासी जमना विहार कॉलोनी खतौली पर उधार की बाकी रकम के लिए उत्पीड़न करते हुए उसे धमकी दी है। पिता ने बताया कि घर वापस लौटे उसके पुत्र मुबस्सिर द्वारा उत्पीड़न किये जाने की पूरी घटना परिजनों को बताई तथा उत्पीड़न से मानसिक रूप से ग्रस्त पुत्र मुबस्सिर ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जहर के सेवन से हालत खराब होने पर उसे इलाज के लिए नगर के एक अस्पताल ले जाया गया जहां से गंभीर हालत में पीड़ित को मुजफ्फरनगर मेडिकल बेगरजपुर भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान मुबस्सिर की मौत हो गयी। मृतक के पिता द्वारा कोतवाली में सूदखोर रोशन दीक्षित, पंकज व चेतन के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।






दीपों के पर्व दीपावली पर घरों में कुछ इस तरह से लोगों ने अपनों के संग त्यौहार का आनन्द उठाया। -फोटो बुलेटिन



## अंधकार पर प्रकाश व असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दीपावली पर्वः कपिल देव

### - मंत्री कपिल देव ने गांधीनगर आवास पर मनाया दीपावली का पर्व

**मुजफ्फरनगर, 21 अक्टूबर (बु.)।** नगर विधायक एवं योगी सरकार में राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपने विधानसभा क्षेत्र मुजफ्फरनगर में दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर पारंपरिक रूप से दीप जलाकर एवं पटाखे प्रज्ज्वलित कर "दीपक उत्सव" का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री कपिल देव ने कहा कि दीपावली का पर्व अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य, अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में देश और प्रदेश आज विकास, समृद्धि एवं स्वाभिमान के दीप प्रज्ज्वलित कर रहा है। दीपावली के अवसर पर मंत्री कपिल देव ने आमजन से अपील की कि वे स्वदेशी उत्पादों का ही प्रयोग करें, पर्यावरण का ध्यान रखते हुए उत्सव मनाएं व समाज में प्रेम, सौहार्द्र व एकता का संदेश फैलाएं। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक एवं बच्चे उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। पूरे क्षेत्र में दीपों की रौशनी और आतिशबाजी से हर्ष और उल्लास का वातावरण छा गया। अंत में मंत्री कपिल देव ने सभी जनपदवासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और प्रदेश में शांति, समृद्धि व खुशहाली की कामना की।




## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, राकेश कुमार गर्ग पुत्र ब्रज मोहन लाल गर्ग, निवासी-145, शिवपुरी, नॉर्थ भोपा रोड, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर, पिन कोड -251001 (उत्तर प्रदेश) ने अपना नाम राकेश कुमार गर्ग से बदलकर सही नाम राकेश गर्ग कर लिया है। अब से मुझे भविष्य के सभी उद्देश्यों/कार्यों के लिए राकेश गर्ग के नाम से ही जाना जाएगा।


# शव सहारनपुर में फेंका, कार शामली में जलाई, दो गिरफ्तार

### - बरला बसेड़ा मार्ग पर छपार के साथ हुई मुठभेड़

**मुजफ्फरनगर, 21 अक्टूबर (बु.)।** कार चालक को सवारियां देहरादून एयरपोर्ट छोड़ने के बहाने बुलाकर ले गए दो अभियुक्तों को थाना छपार पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। इस दौरान एक अभियुक्त घायल हो गया। उनके कब्जे से एक स्पलेण्डर मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट व अवैध शस्त्र बरामद किए गए। 20 अक्टूबर को वादी शराफत पुत्र जहूर अहमद निवासी ग्राम खुड्डा थाना छपार द्वारा थाना छपार पर शिकायत दी थी कि गांव के ही मुर्करम पुत्र सिकन्दर अपने साथी के साथ उसके 22 वर्षीय पुत्र शोएब को 2 व्यक्तियों को देवबन्द से देहरादून एयरपोर्ट छोडकर आने के बहाने बुलाकर ले गया तथा उसकी गला काटकर हत्या कर दी व शव को देहरादून रोड सहारनपुर में फेंक दिया तथा शोएब की कार को शामली में ले जाकर जला दिया। पुलिस ने हत्या के अभियोग में वांछित दो अभियुक्तों को बरला से बसेडा मार्ग पर रोका। पुलिस टीम को देखकर उक्त मोटर साइकिल सवार व्यक्ति मोटर साइकिल को वापस मोड़ कर भागने लगे परन्तु तेज गति होने के कारण मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गयी। घिरता देख वे मोटरसाइकिल को मौके पर ही छोड़कर पुलिस पर फायर कर जंगल की तरफ भागने लगे। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश घायल हो गया तथा दूसरे बदमाश को मौके से गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से एक स्पलेण्डर मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट व अवैध शस्त्र बरामद किये गये। घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम मनव्वर पुत्र मन्सूर निवासी मौहल्ला गुर्जर वाडा कुटीरोड कस्बा व थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर घायल हुआ है। दूसरे अभियुक्त का नाम अंकित राणा पुत्र समय सिंह निवासी ग्राम फतेहपुर धारूवाला थाना देवबन्द बताया गया है। सुहेब पुत्र शराफत का शव 10 दिन लापता रहने के बाद सहारनपुर जिले के बिहारी गढ़ थाना क्षेत्र से बरामद हुआ था। सुहेब की पहचान उसके परिजनों ने पैर के अंगूठे पर लगी चोट के निशान से की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। सुहेब का क्षत-विक्षत और सड़ी-गली अवस्था में शव देर रात मोहंड चौकी क्षेत्र से मिला। इससे पहले, तीन दिन पूर्व उसकी वरना कार शामली के झिंझाना थाना क्षेत्र में जली हुई हालत में बरामद हुई थी, जिसके बाद से ही उसकी हत्या की आशंका जताई जा रही थी।




## आपका आज का राशिफल

**बुधवार, 22 अक्टूबर, 2025**

**मेष-** आरोग्य सुख, व्यक्तित्व का विकास, आकस्मिक लाभ का सुअवसर, भौतिक सुख-सुविधा के साधन सुलभ, पारिवारिक प्रसन्नता, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय।

**वृषभ-** आज दिन 10/37 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, परिवार में मतभेद, मानसिक कष्ट, वाहन से भय, शेष समय में भौतिक सुख सुविधा उपलब्ध, आर्थिक लाभ।

**मिथुन-** आज दिन 10/37 बजे तक समय बेहतर, नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत, संत समागम, शेष समय आशा के विपरीत, विवाद की आशंका, लाभ में कमी।

**कर्क-** विचारित योजना प्रगति पर, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, कुछेक समस्याएँ सुलझने की ओर, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, बुद्धि का विकास, व्यावसायिक प्रगति।

**सिंह-** मनोवांछित सफलता, शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति, मान-सम्मान में वृद्धि, बौद्धिक क्षमता का विकास, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, कर्ज निवृत्ति का प्रयास।

**कन्या-** आज दिन 10/37 बजे तक समय अशुभ, मित्रों से तनाव, गलतफहमी के शिकार, शेष समय में आर्थिक प्रगति, निजी इच्छाकी पूर्ति, किसी विवाद का समापन।

**तुला-** आज दिन 10/37 बजे तक व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता, बकाए धन की वसूली, शेष समय में ग्रहयोग विपरीत, क्रोधकी अधिकता, मानसिक तनाव, आर्थिक हानि।

**वृश्चिक-** नवयोजना की शुरूआत, मनोबल में वृद्धि, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, उत्सव में सम्मिलित होने का सुयोग, मित्रों से विचार-विमर्श, स्थान परिवर्तन।

**धनु-** दिन बेहतर, दूसरों की सलाह मान्य इच्छित पद की प्राप्ति, अड़चनें समाप्त, निजी इच्छा की पूर्ति, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, मानसिक शांति, शत्रु परास्त।

**मकर-** आज दिन 10/37 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, वैवाहिक जीवन असंतोषजनक, अशांति, शेष समय शुभ, रचनात्मक गतिविधियों में वृद्धि, परिजनों से सहयोग।

**कुम्भ-** आज दिन 10/37 बजे तक पुरुषार्थ के प्रति रुचि, सुख-सुविधा के निमित्त व्यय, यात्रा संभव, शेष समय कष्टकर, समस्याओं से चिन्तित, मानसिक तनाव।

**मीन-** किसी योजना की शुरूआत, पुराने विवाद का समापन, आशा के अनुकूल घटना घटित, स्वाध्याय की ओर रुचि, यात्रा में सफलता, प्रभावशाली हस्तयों से सम्पर्क।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# हमारी जेल में सुरंग..... हम अंग्रेजों के जमाने के जेलर हैं....

## सभी को हँसाने वाला, भावुक करके चला गया



अभिनेता गोवर्धन असरानी ने 84 वर्ष की आयु में दीपावली के दिन अन्तिम साँस ली। इससे पहले उनके मीडिया एकाउन्ट पर दीपावली की शुभकामनाएं दीं गयीं थीं। असरानी पिछले चार दिनों से स्वास्थ्य संबंधी शिकायत के कारण मुंबई के जुहू स्थित आरोग्य निधि अस्पताल में भर्ती थे, वहीं उनका निधन हुआ। मुंबई के सांताक्रूज स्थित श्मशान भूमि में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया, जहां उनके परिवार के सदस्य और करीबी लोग उपस्थिति थे। उनका जन्म साल 1941 में जयपुर में हुआ था। असरानी को बचपन ही से अभिनय का चाव था। उन्होंने अभिनेत्री मंजू बंसल से शादी की थी। उनकी कोई संतान नहीं है। उनके निधन पर प्रधानमन्त्री मोदी सहित सिने जगत की कई हस्तियों ने शोक जताया है। यूँ तो उन्होंने कई फिल्मों के कई किरदारों में अपनी अदाकारी से जान डाल दी, लेकिन उनका शोले फिल्म का हिटलर छाप जेलर का किरदार अमर रहेगा। 'हमारी जेल में सुरंग... हम अंग्रेजों के जमाने के जेलर हैं' यह संवाद अब तक लोगों की जबान पर है। असरानी ने दो-तीन साल आकाशवाणी, जयपुर में भी काम किया और फिर पुणे के फिल्म इंस्टीट्यूट में एडमिशन लिया। असरानी मोतीलाल से प्रभावित रहे। मोतीलाल ने उन्हें कहा था कि तुम्हारे अंदर जो टैलेंट है, उसे बाहर निकालो। 1967 में उन्होंने फिल्म हरे कांच की चूड़ियां से डेब्यू किया। उन्हें गुड्डी फिल्म से पहचान मिलनी शुरू हो गयी थी। असरानी ने एक इंटरव्यू में बताया था कि फिल्म शोले में 'अंग्रेजों के जमाने के जेलर' का किरदार निभाहने के लिए उन्हें हिटलर की मिसाल दी गई थी। उन्हें बताया गया था कि, एक जेलर का किरदार है, जो खुद को बहुत होशियार समझता है, लेकिन वो वैसा है नहीं, इसलिए उसे शो-ऑफ करना पड़ता है कि वो बहुत बढ़िया जेलर है। जेलर का यह छोटा सा रोल उन्हें बड़ा कलाकार बना गया। असरानी राजेश खन्ना के सबसे पसंदीदा अभिनेताओं में से एक थे और दोनों ने साथ में करीब 25 फिल्मों में काम किया था, जिनमें बावर्ची, अवतार, अमर दीप, नौकर और कुदरत जैसी फिल्में शामिल हैं। राजेश खन्ना अक्सर अपने निर्देशकों से कहते थे कि असरानी को उनकी फिल्मों में जरूर लिया जाए। 1977 में असरानी ने फिल्म आलाप में दो गाने गाए, जो उन्ही पर फिल्माए गए थे। अगले साल उन्होंने फिल्म फूल खिले हैं गुलशन गुलशन में प्रसिद्ध पार्श्वगायक किशोर कुमार के साथ एक गाना गाया था। असरानी ने अपने करियर में 350 से अधिक फिल्मों में काम किया। असरानी की पत्नी मंजू बंसल असरानी भी 1970 और 80 के दशक की एक जानी-मानी एक्ट्रेस रही हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरूआत बतौर हीरोइन की थी और राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन और नवीन निश्चल जैसे कई बड़े स्टार्स के साथ स्क्रीन शेयर की थी। मंजू और असरानी की पहली मुलाकात फिल्म 'आज की ताजा खबर' के सेट पर हुई थी। उनकी केमिस्ट्री 'नमक हराम' की शूटिंग के दौरान और गहरी हो गई। वहीं से उनके प्यार की कहानी ने असली रूप लिया। उसके बाद दोनों ने शादी करने का फैसला किया। यह रिश्ता न केवल प्यार से भरा था, बल्कि समझ और सम्मान पर भी टिका था। असरानी और मंजू ने साथ में 50 से ज्यादा साल बिताए, लेकिन कभी भी अपने निजी जीवन को चर्चा का विषय नहीं बनने दिया। बताया जाता है कि उनकी एक बहन और उनके भांजे उनके करीबी परिवार में शामिल हैं। यह भांजा ही उनके अंतिम संस्कार के समय मुख्य रूप से रहा। असरानी हमेशा कहते थे कि परिवार का मतलब रिश्तों की गहराई है, न कि संख्या। पहले उन्हें संघर्ष करना पड़ा। उनकी किस्मत बदलने का काम तत्कालीन सूचना और प्रसारण मंत्री इंदिरा गांधी ने किया। असरानी ने बताया था, एक दिन इंदिरा गांधी पुणे आईं। वह उस समय सूचना और प्रसारण मंत्री थीं और हमने उनसे शिकायत की, हमने उन्हें बताया, फिल्म इंस्टीट्यूट का सर्टिफिकेट होने के बावजूद कोई हमें काम नहीं देता। फिर वह मुंबई आईं और प्रोड्यूसर्स से कहा कि उन्हें हमें काम देना चाहिए। उसके बाद काम आने लगा। गोवर्धन असरानी का जाना एक बड़ा नुकसान है, लेकिन उनकी फिल्में और उनके किरदार हमेशा दर्शकों के दिलों में जिंदा रहेंगे। आखिरी बार वह प्रियदर्शन की दो फिल्मों 'भूत बंगला' और हैवान में नजर आएंगे।

प्रस्तुति : सुनील 'उत्सव'

## बिजली चोरों ने ऐतराज करने पर युवक को पीटा

**बुढ़ाना, 21 अक्टूबर (बु.)।** पड़ोसी को बिजली की चोरी करने से रोका, तो आरोपियों ने घर में घुसकर घर की महिलाओं के साथ मारपीट की। अशोक ग्राम टोड़ा ने रतनपुरी पुलिस को बताया कि बीते 17 अक्टूबर की देर रात उसके पड़ोसी जोगेन्द्र पुत्र रामकिशन और मिन्टू पुत्र वेदपाल बिजली चोरी करने के लिए सरकारी लाईन पर तार डाल रहे थे। उसने उन्हें ऐसा करने से रोका, तो वे उसके संग गाली-गलौच करने लगे। थोड़ी देर बाद जोगेन्द्र, मिन्टू, विरेन्द्र पुत्र बोली, मोहित पुत्र विरेन्द्र, विकास पुत्र राजेन्द्र बलकटी, सरिया व डंडे लेकर उसके घर के अन्दर घुस गये और उसके साथ मारपीट करने लगे। उसे बचाने उसका भाई प्रहलाद, सरिता पत्नी सुनील, मनीषा पुत्री सुनील, भाभी ममता आई, तो उन्होंने उनके संग भी मारपीट की। जोगेन्द्र ने सरिता के सर पर बलकटी से, विरेन्द्र ने प्रहलाद के चेहरे पर सरिये से और उसके सिर में मोहित ने डंडे से वार किया। शोर सुनकर उसका दूसरा भाई सुनील व पड़ोसी आए, तो उन्हें देख सभी उनको हत्या की धमकी देकर फरार हो गये। सब घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने प्रहलाद, सरिता व अशोक को जिला अस्पताल के लिये रैफर कर दिया।

## चोर-उचक्कों के हौसले बुलंद एक ही दिन में चौकी के पास की चोरी की 3 घटनाएं

**बुढ़ाना, 21 अक्टूबर (बु.)।** अज्ञात चोर ने कस्बा पुलिस चौकी के पास खड़ी एक बस से रात्रि के समय परिचालक का मोबाइल फोन और 07 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली। बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र के गांव गढ़ी नौआबाद निवासी मनोज उर्फ भूरा पुत्र भोपाल सिंह ने बताया कि वह बुढ़ाना वाया शामली मार्ग पर चलित प्राइवेट बस का परिचालक है। बीती 19 अक्टूबर को रोजाना की भांति उसने बस को कस्बा पुलिस चौकी के पास में स्थित पीडबल्यूडी के मैदान में खड़ी कर दी और उसी में सो गया, जब बीती 20 अक्टूबर को वह सुबह के समय सोकर उठा, तो बस से मोबाइल फोन और सात हजार रुपये की नगदी गायब थी। एक अन्य घटना में बीती 19 अक्टूबर को ही कस्बा चौकी के पास ही स्थित एक अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। बाइक और चोर का आज तीन दिन बीत जाने पर भी पता नहीं लग पाया है। इसके अलावा कस्बा चौकी से कुछ ही कदम की दूरी पर तीसरी घटना भी 19 अक्टूबर की है, जिसमें पुरानी सब्जी मंडी के पीछे रहने वाले खलील मनिहार ने मौहल्ले में ही पटाखों की अस्थाई दुकान लगाई हुई थी कि अज्ञात चोरों ने सायं 03 बजे भारी भीड़ का फायदा उठाकर करीब 30 हजार रुपये की नगदी ऊपरी जेब से निकाल ली। उक्त घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गयी। तीनों घटनाओं की सूचना बुढ़ाना पुलिस को दे दी गयी है। कुल मिलाकर 24 घंटे में पुलिस चौकी के पास 03 घटनाएं होना पुलिस की नीरसता उजागर कर रहा है।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**मीरापुर, 21 अक्टूबर (बु.)।** बलीपुरा से सम्भलहेड़ा की ओर जा रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार युवक गंभीररूप से घायल हो गया। मीरापुर थानाक्षेत्र के गांव बलीपुरा निवासी रविन्द्र पुत्र रामलाल मंगलवार की दोपहर अपनी बाइक से गांव से सम्भलहेड़ा की तरफ जा रहा था। जैसे ही वह गांव से कुछ ही दूरी पर बलीपुरा-सम्भलहेड़ा लिंक मार्ग पर पहुँचा, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे रविन्द्र सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर मारने वाला वाहन चालक फरार हो गया। कुछ देर बाद उधर से गुजर रहे किसी राहगीर ने ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायल रविन्द्र को एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए जानसठ सीएचसी भिजवाया।

## बाइक सवार संग युवकों ने की मारपीट

**बुढ़ाना, 21 अक्टूबर (बु.)।** बाइक सवार एक युवक को रोककर कुछ युवकों ने उसके साथ जमकर मारपीट की। पीड़ित परिवार ने बुढ़ाना कस्बा चौकी पर तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज करना तो दूर की बात आरोपियों के घर पर दबिश भी नहीं दी। इसका परिणाम यह हुआ कि आरोपी पीड़ित के घर पहुंच गये और रिपोर्ट दर्ज कराने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दे डाली। अब पीड़ित परिवार इस मामले में खुद एसएसपी से मिलेगा और अपनी बात को रखेगा। मिली जानकारी के अनुसार



बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला मंडी निवासी उस्मान अहमद ने बताया कि बीती 19 अक्टूबर की देर रात 08 बजे वह बाइक लेकर बड़कता रोड पर सनराइज स्कूल के पास से गुजर रहा था। रास्ते में इसी मौहल्ले के गोरखा वाल्मीकि, गोविंदा और अन्य कुछ युवकों ने बिना बात ही उसकी बाइक को रोककर उसकी पिटाई करनी शुरू कर दी। उसे उन्होंने धारदार हथियार और सिर में लोहे के कड़े से भी मारपीट कर घायल कर दिया और फरार हो गये। उसे शोर-शराबा सुनकर मौके पर आए मौहल्ले के लोगों ने हस्पताल में भिजवाया और घटना की सूचना डायल नंबर 112 को दी, तो पुलिस ने पीड़ित परिवार से तहरीर ले ली। उधर युवक ने बताया कि हमलावरों ने उसकी खूब पीटा। उसका हाथ नहीं उठ रहा और पसली में भी दर्द है। घटना को आज तीसरा दिन हो गया, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करना तो दूर की बात किसी भी आरोपी के यहां पर दबिश तक भी नहीं दी। इसका परिणाम ये हुआ कि आरोपी पीड़ित के घर पर पहुंचे और पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी देकर चले गये। पीड़ित परिवार ने अब इस संबंध में एसएसपी से मिलने की बात कही है। चर्चा के अनुसार इस घटना को लेकर पीड़ित के मौहल्ले में सांप्रदायिक तनाव बताया गया है।

## कार्यालय नगर पंचायत बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर।

पत्रांक:-978/न0पं0बु0/2025-26 दिनांक 21/10/2025

**खुली नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत बुढ़ाना मुजफ्फरनगर अपने स्वामित्व की निर्मित/अन्य व्यावसायिक दुकानों को प्रीमियम धनराशि पर खुली नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से किराये पर आवंटित किये जाने हेतु निम्नवत तिथि में खुली नीलामी आमंत्रित करती है। जो भी व्यक्ति उक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक हों वह निर्धारित तिथि को कार्यालय नगर पंचायत बुढ़ाना में उपस्थित होकर निर्धारित जमानत धनराशि का 50 प्रतिशत पंचायत कोष में आर0टी0जी0एस0/डी0डी0/नकद के माध्यम से जमा कर बोली में प्रतिभाग कर सकते हैं। बोली को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। इच्छुक व्यक्ति नीलाम शरायत का अवलोकन किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर कर सकते हैं। नीलामी हेतु दुकानों का विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र0 सं0 | नीलामी हेतु दुकान/छत का विवरण/संख्या | दुकान की औसत माप (ल0 Xचौ0 फुट में) | प्रति दुकान की प्रीमियम धनराशि | प्रति दुकान का निर्धारित किराया | नीलामी हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0 16 मौहल्ला मिर्दगान में सब्जी मण्डी में बनी दुकानों के प्रथम तल पर बनी 10 दुकानें। | 13x10 | 5 लाख | 1500 | 06/11/2025 |
| 2 | पारसी बस स्टैण्ड में बनी 02 दुकानें। | 9x12 | 3 लाख | 1500 | |
| 3 | वार्ड नं0 1 योगपुरा बस स्टैण्ड के पीछे बनी 14 दुकानें। | 10x16 | 50 हजार | 600 | |
| 4 | नगर पंचायत कार्यालय परिसर में बनी दुकानों की 11 छत। | 10x12 | 01 लाख | 1500 | |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत, बुढ़ाना

अध्यक्ष
नगर पंचायत, बुढ़ाना




संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

**सम्पादक-अंकुर दुआ**

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## प्रधानमन्त्री मोदी का देश के नाम पत्र

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली के अवसर पर देश के नाम एक पत्र लिखा। अपने पत्र में उन्होंने लोगों को शुभकामनाएं दीं। इससे पहले मोदी ने सोमवार को गोवा में आईएनएस विक्रांत पर नौसैनिकों के बीच दीपावली मनाई थी। मन की बात के साथ, सोशल मीडिया के साथ तथा अपने सम्बोधन से प्रधानमन्त्री मोदी जनता के साथ सदैव जुड़े रहते हैं। इस बार प्रधानमन्त्री मोदी ने गोवा में आईएनएस विक्रांत पर नौसैनिकों के बीच दीपावली मनाई। वहां उन्होंने कहा कि हमारा विक्रांत आज आत्मनिर्भर भारत और मेड इन इंडिया का बहुत बड़ा प्रतीक है। आईएनएस विक्रांत ने अभी पाकिस्तान की रातों की नींद उड़ा दी थी, जिसका नाम ही दुश्मन का चैन छीन ले, वो आईएनएस विक्रांत है। उन्होंने नौसैनिकों से बातचीत की। उनके साथ गाना गाया, मिठाई खिलाई और डिनर किया। यह 12वीं बार है कि पीएम दीपावली पर जवानों के बीच पहुंचे और दीपावली मनाई। उन्होंने कहा महासागर को चीरता हुआ स्वदेशी आइएनएस विक्रांत भारत की सैन्य क्षमता का प्रतिबिंब है। भारतीय नौसेना के पैदा किए भय ने, भारतीय वायुसेना के दिखाए गए अद्भुत कौशल ने, भारतीय सेना की जाबांजी ने यानी तीनों सेनाओं के जबरदस्त समन्वय ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को इतनी जल्दी घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। 2014 से पहले देश के करीब 125 जिले माओवादी हिंसा की चपेट में थे। पिछले 10 साल की मेहनत के कारण ये संख्या लगातार घटती गई और आज मात्र 11 रह गई है और 11 में भी जहां उनका प्रभाव नजर आ रहा है, वो संख्या मात्र 3 बची है। 100 से ज्यादा जिले माओवादी आतंक से आजाद होकर पहली बार खुली हवा में सांस ले रहे हैं, इस बार दीपावली मना रहे हैं। उन्होंने नौसैनिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं कल से आपके बीच हूं। एक-एक से मैंने कुछ सीखा है, कुछ न कुछ जाना है। दिल्ली से निकला था, तो सोचा था कि इस पल को जी लूं। आप लोगों की तपस्या, आप लोगों की साधना, आपका समर्पण इतनी ऊंचाई पर है कि मैं उसे जी नहीं पाया, लेकिन जान जरूर पाया। मैं अंदाज लगा सकता हूं कि इसे जीना कितना कठिन होगा। गोवा में आईएनएस विक्रांत पर पीएम मोदी की तस्वीरें इंटरनेट की नयी सुर्खियां बन चुकी हैं। पीएम मोदी ने नौसेना के जवानों के साथ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का भी उत्सव मनाया। 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान आईएनएस विक्रांत ने पड़ोसी मुल्क के पसीने छुड़ा दिए थे। बाद में इस युद्धपोत को रिटायर कर दिया गया था। 2022 में नया युद्धपोत बनकर तैयार हुआ, इसे भी आईएनएस विक्रांत ही का नाम दिया गया और यह आज भी दुश्मन की रूह कंपाने के लिए जाना जाता है। विक्रांत को उसकी अत्याधुनिक सुविधाओं के कारण 'तैरता हुआ शहर' भी कहा जाता है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली के अवसर पर देश के नाम अपने पत्र में लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह दीपावली अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण के बाद दूसरी दीपावली है। उन्होंने भगवान श्री राम के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। मोदी ने कहा कि राम हमें धर्म और न्याय के रास्ते पर चलने और अन्याय के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा देते हैं। मोदी ने अपने पत्र में हाल ही में हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' का भी उल्लेख किया। प्रधानमन्त्री ने हाल ही में शुरू हुए अगली पीढ़ी के सुधारों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के पहले दिन कम जीएसटी दरें लागू की गईं, जिसके तहत जीएसटी बचत उत्सव के माध्यम से देशवासियों को हजारों करोड़ रुपए की बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर कई मुश्किलों के बीच भारत स्थिरता और संवेदनशीलता का प्रतीक बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि हम आने वाले दिनों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि एक 'विकसित' और 'आत्मनिर्भर भारत' की इस यात्रा में, एक नागरिक के रूप में हमारी जिम्मेदारी राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना है। उन्होंने स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने नागरिकों की जिम्मेदारी पर जोर देते हुए कहा कि हर आदमी की छोटी-सी कोशिश देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है। प्रधानमन्त्री ने अपने पत्र में सुझाव दिया कि स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दें और गर्व के साथ कहें, 'यह स्वदेशी है।' उन्होंने कहा सभी भाषाओं का सम्मान करें और एकता की भावना को मजबूत करें। स्वच्छता को अपनाएं, अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और खाने में तेल का उपयोग 10 प्रतिशत कम करें। योग को अपनाकर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा दें। उन्होंने अंत में लिखा कि दीपावली हमें यह भी सिखाती है कि जब एक दीपक दूसरे दीपक को जलाता है, तो उसका प्रकाश कम नहीं होता, बल्कि और बढ़ता है। उन्होंने कहा कि इसी भावना के साथ, आइए इस दीपावली पर हम अपने समाज और आस-पास सद्भाव, सहयोग और सकारात्मकता के दीप जलाएं। सेना के जवानों के साथ दीपावली मनाना प्रधानमन्त्री ने 2014 ही से आरम्भ कर दिया था। पीएम मोदी ने सरकार बनने के बाद सबसे पहली दीपावली सियाचिन में मनाई। 2015 में पीएम मोदी ने पंजाब में भारतीय सेना के जवानों के बीच दीपावली मनाई थी। 2016 में पीएम मोदी हिमाचल प्रदेश के आर्मी और डोगरा स्काउट्स के जवानों के बीच पहुंचे थे। 2017 में पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में बीएसएफ और सेना के जवानों के साथ दीपावली मनाई थी। 2018 में पीएम मोदी ने उत्तराखंड के उत्तरकाशी में सेना और आईटीबीपी के जवानों के बीच दीपावली मनाई थी। 2019 में पीएम ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में एलओसी पर भारतीय सेना के जवानों के साथ दीपावली मनाई।

2020 में प्रधानमंत्री ने राजस्थान के जैसलमेर के लोंगेवाला में सैनिकों के साथ दीपावली मनाई। 2021 में जम्मू और कश्मीर के नौशेरा जिले में सेना के साथ दीपावली मनाई। 2022 में कारगिल में सेना के साथ दीपावली मनाई। 2023 में प्रधानमन्त्री ने दीपावली के अवसर पर हिमाचल प्रदेश के लेप्चा में बहादुर जवानों को संबोधित किया। 2024 को गुजरात के कच्छ के सर क्रीक इलाके में लक्की नाला में भारत-पाक बॉर्डर के पास बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स, आर्मी, नेवी और एयर फोर्स के जवानों के साथ दीपावली मनाई थी।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'रोल' 'सेठ' 'टेलर' 'जेलर'

छोटा हो या बड़ा हो हर रोल में जमे वो,
हो सेठ जी का अभिनय, टेलर का रोल उनका।
असरानी नाम पाया, फिल्मों में छाप छोड़ी,
जिन्दा रहेगा बरसों, जेलर का रोल उनका।

# पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद पुलिसकर्मियों को दी श्रद्धांजलि

## - पुलिस लाइन सभागार में संपन्न कार्यक्रम में रखा दो मिनट का मौन








**मुजफ्फरनगर, 21 अक्टूबर (बु.)।** पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस लाइन में संपन्न समारोह में कर्तव्य पालन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान यहां अधिकारियों और कर्मचारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर वीर जवानों की याद में दो मिनट का मौन रखा और उन्हें श्रद्धा से नमन किया। इस दौरान शहीदों की वीरता को नमन करते हुए यह संदेश दिया गया कि इतनी सी बात हवाओं को बताए रखना, रोशनी होगी चिरागों को जलाए रखना, लहू देकर की है जिसकी हिफाजत हमने, ऐसे तिरंगे को हमेशा अपने दिल में बसाए रखना। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा ने पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ का संदेश पढ़कर सुनाया, जिसमें विगत वर्ष ड्यूटी के दौरान वीरगति को प्राप्त पुलिस कर्मियों की शहादत का उल्लेख किया गया। उपस्थित रहे पुलिस कर्मियों को उनके बलिदान से अवगत कराते हुए उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि पुलिस स्मृति दिवस की शुरूआत 21 अक्टूबर, 1959 की एक वीरगाथा से हुई थी। इसमें लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में भारत-तिब्बत सीमा पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक टुकड़ी पर चीनी सैनिकों द्वारा किए हमले में 10 जवान वीरगति को प्राप्त हुए थे। इस घटना को स्मरण करते हुए हर वर्ष 21 अक्टूबर को देशभर में पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। यह दिन उन तमाम पुलिसकर्मियों को समर्पित है, जो अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए देश सेवा में शहीद हो गए। उन्होंने बताया कि पुलिस सेवा सदैव जोखिम और चुनौती से भरी रही है। कर्तव्य पथ पर डटे इन वीर जवानों की शहादत आने वाली पीढ़ियों को सेवा, समर्पण और साहस की सदा प्रेरणा देती रहेगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा के साथ ही पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, पुलिस अधीक्षक अपराध इंदु सिद्धार्थ, पुलिस अधीक्षक यातायात, सहायक पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी नगर सिद्धार्थ के. मिश्रा सहित समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# दीपोत्सव पर एसएसपी ने सपत्नीक महिला आश्रम पहुंचकर वृद्ध माताओं को उपहार व मिठाई भेंट कर शुभकामनाएं दी



**मुजफ्फरनगर, 21 अक्टूबर (बु.)।** दीपावली के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अपनी पत्नी संग वृद्ध माताओं के साथ दीपावली का पावन पर्व मनाया। महिला आश्रम पहुंचकर निवासरत वृद्ध माताओं को उपहार व मिठाइयां भेंट कर दीपावली की शुभकामनाए दीं। इसके अलावा एसएसपी व उनकी पत्नी ने पुलिस लाइन में पुलिस परिवार के साथ भी दीपावली उत्सव मनाया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा व उनकी पत्नी नीलम राय ने दीपावली पर्व पर मूंगा देवी मुक्ता महिला आश्रम पहुंचकर उसमें निवास करने वाली वृद्ध माताओं को उपहार एवं मिठाई भेंट कर दीपोत्सव की शुभकामनाए दी। एसएसपी व उनकी पत्नी ने वृद्ध माताओं के साथ संवाद स्थापित किया और उनके स्वस्थ जीवन, सुख-समृद्धि एवं दीर्घायु होने की कामना की। इसके अलावा उन्होंने पुलिस लाइन में पुलिस परिवार के सदस्यों के साथ दीपावली का पर्व उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ आत्मीय संवाद किया तथा सभी को उपहार व मिठाई वितरित करते हुए उज्ज्वल भविष्य एवं मंगलमयी जीवन की शुभकामनाएं दी।

# रेलवे स्टेशन पर विशाल भंडारे का आयोजन, भक्तों की रही भीड़

## - श्री गणपति खाटू श्याम की ओर से भंडारा आयोजित



**मुजफ्फरनगर, 21 अक्टूबर (बु.)।** मंगलवार को देशभर के साथ मुजफ्फरनगर जनपद में भी दीपों के पंच पर्व की चहुंओर धूम दिखाई दी। इसी कड़ी में नगर के प्रमुख समाजसेवी उद्यमी भीम सेन कंसल द्वारा रेलवे स्टेशन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। श्री गणपति खाटू श्याम मंदिर परिवार की ओर से रेलवे रोड पर आयोजित विशाल भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री गणपतिधाम खाटू श्याम मंदिर परिवार की ओर से प्रत्येक माह की अमावस्या तिथि को इस तरह के भंडारों का आयोजन लंबे समय से किया जा रहा है। इस कड़ी में जानसठ रोड पर उद्यमी भीम सेन कंसल पहले से भंडारा आयोजित करते रहे हैं। मंगलवार को इसी कड़ी में रेलवे रोड पर श्री गणपति खाटू श्याम मंदिर परिवार की ओर से आयोजित विशाल भंडारे में मुख्य रूप से मंदिर कमेटी के भीमसेन कंसल, योगेश गोयल, विनोद राठी, रजत राठी आदि ने अपनी सेवाएं दी।

# गोवर्धन पर्व की तैयारी में जुटे आम-ओ-खास, दिखा उत्साह

## - नई मंडी गौशाला में सजेंगे भव्य बाबा गोवर्धन भगवान





**मुजफ्फरनगर, 21 अक्टूबर (बु.)।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जनपद की नई मंडी गौशाला में हर वर्ष की भांति इस बार भी गोवर्धन पर्व पर भगवान गोवर्धन की 32 फीट की विशाल प्रतिमा को गोबर द्वारा बनाए जाने का कार्य बीते कई दिनों से जारी है। मंगलवार को अंतिम दौर में पहुंचे इस कार्य के पूर्ण होने के बाद बुधवार सायं को श्रद्धापूर्वक यहां बाबा गोवर्धन की पूजा के साथ भव्य मेले के आयोजन की तैयारी है। दी नई मंडी गौशाला में गोवर्धन पर्व मेले के आयोजन में बुधवार को बतौर मुख्य अतिथि राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पालिका की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, पूर्व विधायक अशोक कंसल, समाजसेवी भीम कंसल, उद्यमी राकेश बिंदल समेत अन्य अतिथि भक्तिभाव के साथ गोबर से निर्मित 32 फुट के श्री गोवर्धन भगवान की पूजा व गौ माता का पूजन करेंगे। मुजफ्फरनगर जनपद की दी नई मंडी गौशाला में पिछले करीब 41 वर्षों से गोवर्धन भगवान की गोबर से बनी विशाल प्रतिमा को बनाने का क्रम जारी है, जिसकी पूजा एवं दर्शन करने के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। दी नई मंडी गौशाला में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संयोजक संजय मित्तल ने बताया कि करीब छह दशक से यहां गोवर्धन पर्व मनाया जाता है, जिसमें हमारे यहां जो भगवान गोवर्धन जी की प्रतिमा करीब 41 वर्षों से बनती आ रही है। जो इस बार 32 फीट की प्रतिमा बनकर तैयार है। उन्होंने बताया कि बुधवार को यहां भगवान की पूजा-अर्चना के साथ मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इतना बड़ा गोवर्धन पर्व हमारे अलावा कहीं अन्य गोशाला में नहीं होता। उधर, बीते 30 वर्षों से नई मंडी गौशाला में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले पंकज शर्मा ने बताया कि भगवान गोवर्धन प्रतिमा में ढाई से तीन ट्रॉली गोबर के अलावा एक ट्राली मिट्टी एवं 12 से 15 सौ ईंटों के माध्यम से तैयार की जाती है जिसे बनाने में करीब 7 से 8 दिन और करीब 6 से 7 तक कारीगर काम करते हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्य को पूर्ण स्वरूप देने के लिए भाव स्वतः ही पैदा हो जाते हैं। बाबा का पूर्ण सहयोग उन्हें प्राप्त है। मुजफ्फरनगर शहर के निवासी पंकज शर्मा ने एमए कला वर्ग से करने के बाद मयूर डेकोरेशन के नाम से अपनी मूर्ति एवं कला प्रतिभा का प्रदर्शन करने में दिन-रात लगे हुए हैं।

# बीएसएनएल डीओटी पेंशनर्स एसोसिएशन ने मनाया जश्न

## - पटेल नगर टेलीफोन एक्सचेंज में 17वां स्थापना दिवस संपन्न




**मुजफ्फरनगर, 21 अक्टूबर (बु.)।** ऑल इंडिया बीएसएनएल डीओटी पेंशनर्स एसोसियेशन की ओर से मंगलवार को नई मंडी पटेल नगर के टेलीफोन एक्सचेंज परिसर में संगठन का 17वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान ध्वजारोहण के उपरांत जन गण-मन गायन के बाद बीएसएनएल पेंशनर्स के विगत माह में दिवंगत साथियों की आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में बीएसएनएल पेंशनर्स उपस्थित रहे। सभा की अध्यक्षता एनपी निगम ने की। मुख्य अतिथि रामबीर सिंह परिमंडलीय सचिव संचार निगम पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने पेंशन रिवीजन के संबंध में पेंशनर्स को नवीनतम जानकारी दी। इस दौरान आरयू सिंह सचिव एवं गणेश दत्त शर्मा ने पेंशन रिवीजन सीजीएचएस व एमआरएस कार्ड सुविधा पर अपने विचार व्यक्त किए। एनपी निगम ने कार्यक्रम समापन अवसर पर अपने विचार रखें। इस अवसर पर आरयू सिंह, रामबीर सिंह, गणेश दत्त शर्मा, जनार्दन शर्मा, ओमकार शर्मा, चंद्रपाल सिंह, कांति शर्मा, सुल्तान सिंह, वाईएन त्रिपाठी, एसके शुक्ला, जेपी गुप्ता, सोहन पाल, आरपी शर्मा, सतीश कुमार, खेम चंद, राजबीर सिंह, मदन लाल, तेज पाल, ओमकार शर्मा, सुरेश शर्मा, आरडी रावत, एनपी निगम, आदिल, रामबली, सईद अहमद, राधेश्याम सैनी, बोधराज, राम अवतार, बीडी त्यागी, रमाकांत एस के शुक्ला आदि भारी संख्या में पेन्शनर्स उपस्थित रहे।

# सीएमओ ने कुटेसरा, दहचन्द व मेहरायपुर का किया औचक निरीक्षण





**मुजफ्फरनगर, 21 अक्टूबर (बु.)।** सीएमओ सुनील तेवतिया मंगलवार को स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था का सच जानने के लिए चरथावल व सदर ब्लॉक स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर पहुंचे, जहां उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों की इस बीच साफ-सफाई, उपस्थिति एवं औषधि भंडारण समेत अन्य व्यवस्थाओं को परखा। इस बीच उन्होंने कहा कि मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होनी चाहिए। किसी भी तरह की लापरवाही अथवा देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंगलवार को सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने चरथावल ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुटेसरा व दहचन्द का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केन्द्र की स्वच्छता, पेयजल की आपूर्ति के साथ औषधि भंडारण, टीकाकरण कक्ष तथा अभिलेखों की स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र पर तैनात चिकित्सा एवं पैरामेडिकल स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि अस्पताल परिसर में साफ-सफाई और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था में सुधार किया जाए ताकि मरीजों और आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर बधाई कलां एवं सैदपुरा का भी निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में सीएमओ सुनील तेवतिया ने पुरकाजी ब्लॉक स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मेहरायपुर का औचक निरीक्षण करते हुए केंद्र की साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, दवा वितरण की व्यवस्था, टीकाकरण सेवाएं, प्रसव कक्ष और अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मियों को जरुरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टीकाकरण और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से चलें और किसी भी मरीज को असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक कर्मचारी अपने कार्य के प्रति जिम्मेदारी और समर्पण की भावना से कार्य करें।

# सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत की तैयारी को लेकर हुई बैठक



**शाहपुर, 21 अक्टूबर (बु.)।** गांव सोरम में नवंबर माह में आयोजित होने वाली सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत की तैयारी को लेकर भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत व सर्वखाप मंत्री चौधरी सुभाष बालियान ने बैठक आयोजित कर महापंचायत को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों से वार्ता की। भाकियू प्रवक्ता ने बताया कि 26 अक्टूबर को गांव रसूलपुर जाटान में बैठक आयोजित कर रूपरेखा तय की जाएगी। क्षेत्र के गांव सोरम में 16, 17 व 18 नवंबर को तीन दिवसीय आयोजित होने वाली सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत की तैयारी के लिए भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत व सर्वखाप मंत्री चौधरी सुभाष बालियान ने वैदिक कन्या इंटर कॉलेज में गांव सोरम के अलावा आसपास के गांव के ग्रामीणों से वार्ता की। बैठक में भाकियू प्रवक्ता ने कहा कि सर्वखाप महापंचायत करीब 15 वर्ष बाद गांव सोरम में आयोजित की जा रही है। महापंचायत में समाज सुधार के बड़े निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत ऐतिहासिक होगी। जिसमें उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार व झारखंड आदि सहित अन्य प्रदेशों से सर्वखाप चौधरी और सामाजिक लोग प्रतिभाग करेंगे। भाकियू प्रवक्ता ने ग्रामीणों से कहा कि वह गांव की बिजली, सड़क व पानी से जुड़ी समस्याओं की सूची तैयार कर शीघ्र उपलब्ध करा दें, जिससे आगामी बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में उनका समाधान कराया जा सके। उन्होंने पंचायत की सफलता के लिए ग्रामीणों से सुझाव भी मांगे। सर्वखाप मंत्री चौधरी सुभाष बालियान ने कहा कि गांव में आयोजित होने वाली सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत समाज को दिशा देने का कार्य करेगी। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वह लिखित में अपने सुझाव दें, जिससे उन पर अमल हो सके। भाकियू नेता गौरव टिकैत ने कहा कि सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत अराजनीतिक होगी, जो सर्वसमाज की एकता का प्रतीक होगी। उन्होंने बताया कि आयोजन को लेकर क्षेत्र के सभी गांव में उत्साह का माहौल है। बैठक में निर्णय लिया गया कि 26 अक्टूबर को गांव रसूलपुर जाटान में एक अहम बैठक आयोजित होगी, जिसमें पंचायत सफलता की रूपरेखा तय कर समितियों का गठन किया जायेगा। बैठक के बाद भाकियू प्रवक्ता व सर्वखाप मंत्री ने महापंचायत स्थल का निरीक्षण किया। बैठक की अध्यक्षता सुरेश सिंह व संचालन सत्येंद्र प्रधान ने किया। बैठक में मास्टर रामपाल सिंह, पूर्व प्रधान सुधीर चौधरी, नरेश कुमार दुल्हेरा, देवेंद्र सिंह देशवाल, जितेंद्र बालियान, विजेंद्र सिंह, बालेन्द्र बालियान, अमित बालियान सरपंच व ओमपाल सिंह आदि के अलावा गांव गोयला, शाहजुड्डी, काकड़ा, रसूलपुर जाटान व गढ़ी बहादुरपुर आदि के ग्रामीण मौजूद रहे।

# अनियंत्रित होकर कार खाई में गिरी, पिता पुत्री घायल







**भोपा, 21 अक्टूबर (बु.)।** गंगनहर पटरी मार्ग पर अनियंत्रित होकर एक कार सड़क किनारे खाई में जा गिरी, जिससे पिता पुत्री घायल हो गए। दुर्घटना में घायल पिता पुत्री को एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी भोपा ले जाया गया, जहां दोनों का उपचार किया गया। जनपद मेरठ निवासी अमित अपनी पुत्री रिया के साथ अपनी डस्टर कार द्वारा गंग नहर पटरी मार्ग से मेरठ जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार भोपा थाना क्षेत्र की गंगनहर पटरी पर ग्राम बेलड़ा के पास पहुंची, तभी किसी वाहन को बचाने के चक्कर मे अनियंत्रित होकर कार खाई में जा गिरी। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस द्वारा घायल पिता पुत्री को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा लाया गया, जहां उनका उपचार किया गया। गनीमत ये रही कि कार गंगनहर में नहीं गिरी इसलिए कोई बड़ा हादसा होने से टल गया। सूचना पर मौके पर पहुंची भोपा पुलिस ने घटना की जानकारी की है।

# पटाखा छोड़ने वाली बुलेट को सीज करते हुए 17 हजार का काटा चालान, बाइक भी सीज





**चरथावल, 21 अक्टूबर (बु.)।** थाना पुलिस ने दीपावली के अवसर पर एक अनोखी बाइक जब्त की है। यह बाइक चेकिंग के दौरान पकड़ी गई, जिससे चलते हुए पटाखे फोड़े जा रहे थे। इसके अलावा दधेड़ू चौकी प्रभारी संजय तोमर ने भी पटाखा छोड़ने वाली बुलेट को सीज करते हुए रूपये 17000 का चालान काटा है। पटाखा छोड़ने वाले वाहनों पर कार्यवाही से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में दधेड़ू चौकी प्रभारी संजय तोमर ने चैकिंग के दौरान पटाखा छोड़ने वाली बुलेट को पकड़ा है। उन्होंने पटाखा छोड़ने वाली बुलेट का रूपये 17000 का चालान काटते हुए बुलेट को सीज कर दिया है। यह बुलेट साबिर पुत्र मुस्तकीम निवासी साँझक थाना शाहपुर की थी। इसके अलावा अलावलपुर चौकी प्रभारी गजेंद्र सिंह ने अलावलपुर मार्ग से बाइक को पटाखा छोड़ने वाली बाइक को पकड़ा। बाइक सवार की पहचान अलावलपुर निवासी परविंदर पुत्र बृजपाल के रूप में हुई है। वह चरथावल से अलावलपुर और फिर अन्य गांवों में घूमकर पटाखे फोड़ रहा था। पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। बाइक सवार को थाने लाकर वैधानिक प्रक्रिया पूरी की जा रही है। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि दीपावली पर किसी भी कीमत पर अवैध कार्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# ग्रामीण को धारदार हथियारों से काटा, मुजफ्फरनगर रैफर

**बुढ़ाना, 21 अक्टूबर (बु.)।** दबंगों ने लाठी-डंडों, धारदार हथियारों से प्रहार कर अपने गांव के दो युवकों को मरणासन्न कर दिया। फुगाना पुलिस ने भी तुरंत कार्यवाही कर 3 हमलावर दबोच लिये और जेल भेज दिया। बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र के फुगाना गांव के राजेंद्र पुत्र बिसनी ने फुगाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि उसके बेटे विकास व कपिल पुत्र सुरेश के साथ गांव के ही अमित पुत्र अमर पाल, बादल पुत्र विक्रम पाल, सन्दीप पुत्र मदन पाल ने लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर मारपीट की, जिसमें विकास व कपिल के चोटें आई। किसी की सूचना पर मौके पर पहुंचे फुगाना थानाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में भर्ती कराया। फुगाना पुलिस ने थाने की एण्टी रोमियो टीम के सहयोग से तुरंत भागदौड़ कर तीनों आरोपियों को एक स्थान से गिरफ्तार कर उनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर तीनों को जेल भेज दिया। पुलिस ने हमले में प्रयुक्त लाठी-डंडे व बल्लम भी बरामद किए हैं। आरोपियों ने शराब पीने को लेकर दोनों युवकों संग मारपीट की। घटना बीती देर रात की है। तीनों आरोपियों को पकड़ने में फुगाना थाना के सब इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार गौड, एसआई सुनील कुमार, एसआई राकेश कुमार, कांस्टेबल अजय तेवतिया, कांस्टेबल अमित कुमार व महिला कांस्टेबल मनतेश मौजूद थी।

# तमंचा बेचने वाला गिरफ्तार, परिजनों ने किया विरोध

**शाहपुर, 21 अक्टूबर (बु.)।** क्षेत्र के गांव बसीकलां में तमंचा बेचने वाले युवक को गिरफ्तार करने गई पुलिस का आरोपी व उसके परिजनों ने विरोध किया। पुलिस कार्यवाही करते हुए आरोपी सहित एक अन्य युवक को गिरफ्तार कर थाने ले आई। थाना पुलिस ने क्षेत्र के गांव बसीकलां निवासी नईम उर्फ भूरा को एक तमंचे व कारतूस उसके साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस के पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसने तमंचा गांव के ही सैफ उर्फ बिहारी से खरीदा है। इसके बाद पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने उसके मकान पर पहुंची, तो वह मकान पर मौजूद मिला और जैसे ही उसको पुलिस ने हिरासत में लिया, तो उसके परिजनों ने पुलिस का विरोध किया। पुलिस किसी तरह तमंचा बेचने वाले युवक व विरोध करने वाले एक अन्य युवक सुहैल को लेकर थाने आ गई। पुलिस ने सुहैल से पूछताछ की तो उसकी निशानदेही पर पुलिस ने एक अन्य तमंचा बरामद किया। पुलिस ने तीनों आरोपी गांव बसीकलां निवासी नईम उर्फ भूरा, सैफ उर्फ बिहारी व सुहैल के विरुद्ध कार्रवाई कर उनका चालान कर दिया। पुलिस ने घटना के संबंध में आरोपी सैफ उर्फ बिहारी के परिजनों के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज किया है।

# मुजफ्फरनगर में शांतिपूर्ण रही दीपावली की रात

## आग की छुटपुट घटनाओं के बीच जगमगाए दीप और गूंजा पटाखों का कानफोड़ू शोर

**मुजफ्फरनगर, 21 अक्टूबर (बु.)। दीपावली का त्यौहार मुजफ्फरनगर में रातभर जगमग करते दीपों, धूप-अगरबत्ती की सुगंध और पटाखों के धमाकों के साथ लोगों ने इस दिवाली का जोरदार आगाज किया। हालांकि, आतिशबाजी के कारण आग की छुटपुट घटनाएं सामने आईं, जिन पर फायर ब्रिगेड ने तत्परता से काबू पा लिया। जिला प्रशासन और पुलिस की सतर्कता के बीच, नगर में कोई बड़ी अप्रिय घटना दर्ज नहीं हुई। दीपावली की रात आसमान रंग-बिरंगी रोशनी और पटाखों के शोर से गूंजता रहा। दीपावली की रात पटाखों के अत्यधिक उपयोग के कारण आग लगने की कुछ मामूली घटनाएं हुईं, जिसने कुछ समय के लिए फायर ब्रिगेड को व्यस्त रखा। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने बताया कि सभी घटनाएं मामूली थी और आग पर तुरंत काबू पा लिया। किसी भी घटना में कोई जनहानि या बड़ा संपत्ति का नुकसान नहीं हुआ है। कुल मिलाकर, मुजफ्फरनगरवासियों ने उत्साह और शांति के साथ रोशनी का यह पर्व मनाया।**

### रामपुरी टावर के पास कूड़े में आग

**मुजफ्फरनगर।** नगर कोतवाली क्षेत्र के रामपुरी टावर के नजदीक पड़े कूड़े के ढेर में आग लगने की सूचना मिली। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड को दी, लेकिन फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने आग पर खुद ही काबू पा लिया।

### टिकैत चौक पर झोपड़ी के छप्पर में आग

**मुजफ्फरनगर।** टिकैत चौक के निकट स्थित एक झोपड़ी के छप्पर में भी आग लग गई। हालांकि, मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने तुरंत आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा नुकसान होने से टल गया।

### वकील रोड पर खाली प्लॉट में आग

**मुजफ्फरनगर।** इसके अलावा, वकील रोड पर एक खाली पड़े प्लॉट में आग लगने की सूचना भी फायर ब्रिगेड को मिली, जिस पर दमकल की गाड़ियां तत्काल मौके पर पहुंचीं और स्थिति को नियंत्रित किया।

### जागरूकता से घटा घटनाओं का आंकड़ा : आर के यादव



आर.के. यादव
अग्निशमन अधिकारी

**मुजफ्फरनगर।** अग्निशमन अधिकारी आर.के. यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि दीपावली की रात आग लगने की घटनाओं में पिछले साल बढ़ोतरी को देखते हुए इस वर्ष हमारी अग्निशमन टीम ने पूरी सजगता के साथ तैयारी की हुई थी। सबसे पहले हमने अपने अग्नि शमन यंत्रों की जांच की और उनको तैयार किया। उसके बाद स्कूल कॉलेजों सहित हॉस्पिटल, बैंकेट हॉल, औद्योगिक इकाइयों में जागरूकता अभियान के साथ उनके फायर सेफ्टी सिस्टम को चेकिंग के साथ ड्रिल कर उपयोग में लाया गया। श्री यादव ने बताया कि, दीवाली के दिन पटाखों के द्वारा बाहर खुल्ले में रखे जलने वाले सामान से आग लगना, घरों में इस दौरान पूजा-अर्चना के दौरान धूप, दीप आदि से घर या औद्योगिक प्रतिष्ठानों में आग लगने की सूचना अधिक रहती है तो ऐसे में हमने पहले ही अपनी टीम को समय से खाना खाकर एक दम से तैयारी के साथ अलर्ट पर रखा हुआ था, ताकि किसी भी अप्रिय घटना पर तुरंत समय से पहुंचा जा सके। पूरी रात मात्र तीन घटनाओं की सूचना थी, जो कि मामूली थी। जिसमें हमारी जागरूकता के चलते आम जनता हमसे ज्यादा खुद सक्रिय दिखी जो कि प्रशंसनीय है।

### पिछले वर्ष की घटना को लेकर अलर्ट थी टीमें

**मुजफ्फरनगर।** पिछले वर्ष हुई आग की घटना से सबक लेते हुए, इस बार प्रशासन और आपदा प्रबंधन की टीमें पूरी तरह से अलर्ट पर थीं। किसी भी अप्रिय स्थिति से

**4 टीम थी सक्रिय, हर टीम में मौजूद रहे 6 दमकल कर्मी**

निपटने के लिए कुल चार टीमें सक्रिय रूप से मैदान में मौजूद रहीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह सुनिश्चित किया गया था कि हर टीम में कम से कम 6 दमकलकर्मी मौजूद रहे। लगभग कुल मिलाकर 24 दमकल कर्मी दीपावली की रात मुस्तैद रहे, जिस कारण कई जगहों पर आग लगने की घटनाओं की सूचना मिलने पर तुरन्त कार्यवाही की गयी और आग पर काबू पाया जा सका।

### पिछले वर्ष रुड़की रोड पर कपड़ों के गोदाम में लगी थी भीषण आग

**कुल 9 जगह मिली थी आग की सूचना**

**मुजफ्फरनगर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के रुड़की रोड पर पिछले वर्ष-2024 में दीपावली के आस-पास एक कपड़े के गोदाम में भीषण आग लग गई थी। यह अग्निकांड इतना भयावह था कि आग पर पूरी तरह काबू पाने में फायर ब्रिगेड को पूरी रात लग गई थी और रात भर कड़ी मशक्कत जारी रही। बताया जा रहा है कि इस हादसे में गोदाम में रखा करोड़ों रुपये का सिंथेटिक कपड़ा और अन्य सामान जलकर राख हो गया था। इस हादसे में घटना की वजह दीपावली की रात जलाए गए पटाखों में से कोई पटाखा गोदाम में जा गिरा, जिसके कारण आग लगी। सिंथेटिक कपड़ा होने की वजह से आग ने तुरंत विकराल रूप ले लिया। हालांकि इस दौरान किसी जनहानि की खबर नहीं मिली, लेकिन माल के भारी नुकसान से व्यापारी को बड़ा झटका जरूर लगा था।







### बालक से कुकर्म का आरोप

**भोपा, 21 अक्टूबर (बु.)।** भोपा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति का नौ वर्षीय पुत्र अपने चचेरे भाई की नाई की दुकान पर काम करता है। सोमवार शाम उक्त नाई का काम करने वाला युवक एटीएम से पैसे निकालने के लिए गया और दुकान पर अपने नौ वर्षीय चचेरे भाई को छोड़ गया। आरोप है कि तभी गांव का ही एक युवक दुकान पर पहुंचा और बालक को बहला फुसलाकर निकटवर्ती गांव के जंगल में ले गया, जहां उसने बंधक बनाकर बालक से कुकर्म की घटना को अंजाम दे दिया। बालक के चिल्लाने की आवाज सुनकर कुछ ग्रामीण मौके पर आ गए, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मामले की सूचना मिलने पर बालक के परिजनों में रोष फैल गया। मामला मुस्लिम समाज की दो बिरादरी का होने के कारण तनाव की आशंका व्याप्त हो गई। पीड़ित बालक के परिजन बालक को लेकर भोपा थाने पर पहुंचे और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच में जुटी है, वहीं कुछ सफेदपोश मामले में समझौता कराने में जुटे हुए है।

### 6 माह से किशोरी का पीछा कर रहे शोहदे को भेजा जेल

**बुढ़ाना, 21 अक्टूबर (बु.)।** थाना फुगाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने फुगाना पुलिस को बताया कि उनके ही गांव का मनीष पुत्र राजेन्द्र उसकी नाबालिग पुत्री का विगत छः माह से पीछा कर लगातार छेड़छाड़ कर रहा है और नाजायज दबाव बनाने के उद्देश्य से वीडियो बनाकर गांव के ग्रुप पर डाल दी। अब वह उसकी पुत्री को ब्लैकमेल कर रहा है। इस सूचना पर फुगाना पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए आरोपी मनीष के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एक टीम का गठन किया, जिसमें टीम ने भी तुरंत कार्यवाही कर आरोपी को एक स्थान से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए पीड़िता को बहन बताते हुए पुलिस से माफी भी मांगी, लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीर मानते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है। फुगाना थानाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में उक्त आरोपी को पकड़ने वालों में सब इंस्पेक्टर तेजवीर सिंह, कांस्टेबल अजय तेवतिया आदि पुलिसकर्मी रहे।









### बुर्काधारियों का चोरी का क्रम लगातार जारी

**मुजफ्फरनगर, 21 अक्टूबर (बु.)।** नगर के मेरठ रोड़ स्थित दाल मंडी के निकट एक कपड़े के शो रूम से दो बुर्का नशी युवतियों को थाना सिविल पुलिस ने चोरी के आरोप में मौके से गिरफ्तार किया। जिनको महिला पुलिस कर्मियों द्वारा मौके से हिरासत में लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार शॉपिंग के लिए शोरूम में आई दिनों युवतियों ने कपड़ा ट्राय करने के लिए पहना लेकिन वापस नहीं किया जिसके बाद बाहर निकलते समय सिक्योरिटी सिस्टम का अलार्म बजा तो चोरी की घटना का खुलासा हुआ। फिलहाल पुलिस द्वारा आरोपी युवतियों के परिजनों को थाने बुलाकर इस घटना की जानकारी देकर कड़ी चेतावनी के सर उनके सुपुर्द कर दिया गया। मामले में खबर लिखे जाने तक कोई तहरीर वादी पक्ष द्वारा थाने में नहीं दी गई थी।



# दो से चार गुने तक वसूले पटाखों के दाम

**मुजफ्फरनगर, 21 अक्टूबर (बु.)।** सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के बाद इस बार पटाखा बाजार में जमकर चांदी कटी। ऊहापोह के बीच इस बार कम पटाखे व्यापारियों ने मंगवाए थे। रही सही कसर प्रशासन ने दिवाली से पूर्व करोड़ों के अवैध पटाखे पकड़कर पूरी कर दी। इसके चलते पटाखा बाजार में इस बार कम पटाखे थे और खरीदार ज्यादा थे। ऐसे में खरीद की आपाधापी रही और पटाखे जल्द ही खत्म हो गए। इसकी कसर अवैध रूप से तैयार गैर ग्रीन पटाखों ने पूरी की। बाजार में पटाखा विक्रेताओं ने मौके का फायदा उठाते हुए दो से चार तक दाम वसूल किए। दिल्ली-एनसीआर में पटाखों की बिक्री और छुड़ाने पर प्रतिबंध के बीच पटाखा व्यापारियों में ऊहापोह की स्थिति थी। हालांकि उन्होंने कुछ पटाखे वैध और कुछ अवैध रूप से भंडारित किए हुए थे। दिवाली से पूर्व पटाखों के अवैध भंडारण पर पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई के बीच करोड़ों रुपये के पटाखे जब्त किए गए। हालांकि इनमें से काफी पटाखे बाद में पुलिस द्वारा अपने इस्तेमाल और उपहार स्वरूप बांटने के काम आए। सुप्रीम कोर्ट के प्रतिबंध हटने के बाद पटाखा विक्रेताओं की चांदी हो गई। हालांकि पटाखा बाजार में कम ही दुकानें लगीं। वहां स्थिति यह रही कि दो दिन तक पटाखों की खरीद के लिए मारामारी रही। मंडी समिति रोड पर भी पटाखों की जमकर बिक्री हुई। मांग से कम पटाखे होने का परिणाम यह हुआ कि विक्रेताओं ने दो गुना तक दाम पर पटाखे बेचे। इस पर भी दोपहर बाद यह स्थिति हो गई थी कि खरीदारों को उनके मनमाफिक पटाखे नहीं मिले और उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। ऐसे में स्थानीय स्तर पर तैयार या बाहर से मंगाए गए गैर ग्रीन पटाखे जमकर बेचे गए। इसका इंतजाम पहले से ही पटाखा विक्रेताओं से जिले से लगे ऐसे इलाकों में कर रखा था, जो एनसीआर से बाहर होने के कारण पटाखा प्रतिबंधित क्षेत्र में नहीं आते थे। वहां से बड़े पैमाने पर पटाखे बिक्री के लिए यहां लाए गए और चोरी छिपे बेचे गए। वह व्यापारी जरूर घाटे में रह गए जिनके अवैध रूप से भंडार किए गए पटाखे गोदामों में ही सील रह गए। गोदामों से नष्ट करने के नाम पर छोटा हाथी भरकर ले जाए गए पटाखों का क्या हुआ, इसकी जानकारी अभी नहीं है। बताया जाता है कि जो पटाखे पकड़े गए उसमें भी प्रतिद्वंद्वी पटाखा विक्रे ताओं की मुखबिरी जिम्मेदार रही। अवैध पटाखों के जरिए जीएसटी की बड़े पैमाने पर चोरी की गई।

# लोकपाल खरीदेगा सात बीएमडब्ल्यू लग्जरी कारें

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसी)।** देश की सर्वोच्च भ्रष्टाचार रोधी संस्था लोकपाल अब अपनी प्रशासनिक और लॉजिस्टिक व्यवस्था को मजबूत करने जा रही है। इसके तहत लोकपाल कार्यालय ने सात बीएमडब्ल्यू 330 एलआई (लॉन्ग व्हील बेस) कारें





खरीदने की प्रक्रिया शुरू की है। इस खरीद के लिए 16 अक्तूबर को सार्वजनिक टेंडर जारी किया गया है। इसमें इच्छुक सप्लायर्स से बोली लगाने को कहा गया है। सूत्रों के मुताबिक, प्रत्येक बीएमडब्ल्यू 330 एलआई की कीमत 60 लाख रुपये से अधिक है। बोली की तकनीकी जांच 7 नवंबर से शुरू होगी। कुल मिलाकर, इन सात कारों की कीमत पांच करोड़ रुपये से ज्यादा बताई जा रही है।

### बीएमडब्ल्यू इंडिया देगी ड्राइवरों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण

कारों की डिलीवरी के बाद कंपनी बीएमडब्ल्यू इंडिया अपने विशेषज्ञों के जरिए लोकपाल कार्यालय के ड्राइवरों और कर्मचारियों को एक हफ्ते का प्रशिक्षण देगी। इस ट्रेनिंग में गाड़ियों के सुरक्षा फीचर्स, सिस्टम और संचालन संबंधी जानकारी दी जाएगी। लोकपाल के एक अधिकारी ने बताया कि यह कदम संस्था की परिवहन और प्रशासनिक सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में उठाया गया है। लोकपाल एक स्वतंत्र निकाय है, जिसकी स्थापना लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 के तहत की गई थी। इसका गठन जन लोकपाल आंदोलन (2010) के बाद हुआ था, जिसका नेतृत्व समाजसेवी अन्ना हजारे ने किया था। वर्तमान में लोकपाल के चेयरपर्सन न्यायमूर्ति अजय माणिकराव खानविलकर हैं, जो सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश रह चुके हैं। लोकपाल को प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, सांसदों और केंद्र सरकार के अधिकारियों (ग्रुप अ, इ, उ, और ऊ) के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच करने का अधिकार है। इसके अलावा लोकपाल की जांच के दायरे में केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित बोर्ड, निगम, ट्रस्ट, तथा 10 लाख रुपये से अधिक विदेशी अंशदान प्राप्त करने वाले समाज या संस्थाएं भी आती हैं। राज्य स्तर पर ऐसे ही काम के लिए लोकायुक्त की व्यवस्था की गई है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से युवक की मौत

**मुजफ्फरनगर, 21 अक्टूबर (बु.)।** मजार पर प्रसाद चढ़ाकर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। सोमवार शाम तितावी थाना क्षेत्र में हिडंन नदी के पास एक युवक की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर मौत हो गयी। सूचना पर तितावी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि युवक की शिनाख्त सूरज निवासी सैदपुरा खुर्द थाना तितावी के रूप में हुई है। वह मजार पर प्रसाद चढ़ाकर वापस अपने घर लौट रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

### अज्ञात चोर ने बैग में रखे साढ़े चार लाख रुपये साफ किये

**मुजफ्फरनगर, 21 अक्टूबर (बु.)।** मोहल्ला नुमाइश कैम्प निवासी बलराम अरोरा ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि देर रात लगभग ढाई बजे छत के रास्ते चोर उसके मकान में दाखिल हो गया। कमरे में रखा रुपए से भरा बैग चोरी कर चोर फरार हो गया। पीड़ित ने बताया कि बैग में साढ़े चार लाख रुपए थे। सुबह कमरे से बैग गायब होने पर पीड़ित ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरे चैक किए तो घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद मिली। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी गयी है।

### साइबर ठगों ने महिला से 12.95 लाख रुपये हड़पे

**मुजफ्फरनगर, 21 अक्टूबर (बु.)।** खतौली थाना क्षेत्र के गांव भैसी निवासी वर्षा ने साइबर क्राइम थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसने ऑनलाइन शॉपिंग ऐप मीशो पर मंदिर और घर का सामान ऑर्डर किया था। सामान की कीमत लगभग साढ़े 9 हजार रुपए थी। उसके बाद उसे एक अंजान नम्बर से कॉल आई। कॉलर ने कहा कि उसका ऑर्डर डिस्पेच हो गया है। साढे 9 हजार रुपए खाते में डाल दीजिए। महिला ने रुपये ट्रांसफर कर दिए। कुछ देर बाद फिर उसी नंबर से कॉल आया और साइबर लुटेरों ने उससे 21 हजार रुपये टू कार्ड पेमेंट की बात कहते हुए डलवाए। इसके बाद लगातार काल आई और टैक्स के नाम पर कुल 12 लाख 95 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए। लगातार पैसे मांगने पर पीड़िता ने साइबर सैल में फोन किया। उसके बाद मामले में पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी।

# ऊर्जा राज्यमंत्री के नाम पर पुलिस की मौजूदगी में छात्रों को पीटा

**मेरठ, 21 अक्टूबर (बु.)।** शहर के तेजगढ़ी क्षेत्र में ऊर्जा राज्यमंत्री के कार्यालय के नीचे स्थित एक होटल में खाना खा रहे चार छात्रों के साथ कथित तौर पर मंत्री के नजदीकियों द्वारा मारपीट और अपमानजनक व्यवहार किया गया। पुलिस की मौजूदगी के बावजूद आरोपियों ने छात्रों से सड़क पर

**मेरठ में मंत्री के कार्यालय के नीचे सड़क पर नाक रगड़वाई**

नाक रगड़वाई और गालियां दीं। पुलिस खामोश खड़ी सबकुछ देखती रही। इस घटना ने कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

सूत्रों के अनुसार, यह घटना मेडिकल थाना क्षेत्र के तेजगढ़ी में ऊर्जा राज्यमंत्री डा. सोमेंद्र तोमर के कार्यालय के नीचे एक होटल में हुई। चार युवक होटल में खाना खा रहे थे, जो कि एक कॉलेज के छात्र बताए गए। तभी कुछ अन्य युवकों के साथ उनकी कहासुनी हो गई। कहासुनी का कारण गाड़ी हटाने को लेकर बताया जा रहा है। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर दूसरे पक्ष के युवकों ने खुद को ऊर्जा राज्यमंत्री का करीबी बताया और धमकाने लगे। इसके बाद बात मारपीट तक पहुंच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुलिस मौके पर मौजूद थी, लेकिन आरोपियों ने उनकी उपस्थिति के बावजूद छात्रों को सड़क पर नाक रगड़वाई और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया। इस घटना ने पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। पुलिस मूकदर्शक बनी रही और आरोपियों को रोकने या कार्रवाई करने में नाकाम रही। इस तरह के व्यवहार को गुंडागर्दी के रूप में देखा जा रहा है। वहीं एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



### थार के सायरन और डीजे की आवाज से युवक की मौत

**तावडू, 21 अक्टूबर (बु.)। नूंह** स्थित तावडू के गांव पिपाका में एक 23 वर्षीय युवक की थार गाड़ी के सायरन और बरात में तेज डीजे साउंड की आवाज से तबीयत बिगड़ गई और अस्पताल ले जाते वक्त उसकी मौत हो गई। युवक तीन-चार महीने पहले एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होकर कोमा में चला गया था और घर पर ही बेड रेस्ट पर था। ग्राम पंचायत सहजाद के सरपंच शहजाद ने बताया कि युवक नावेद की करीब तीन-चार महीने पहले हुई सड़क दुर्घटना में सिर पर गंभीर चोट लगी थी, जिसके बाद वह कोमा में चला गया। वह घर पर ही आराम कर रहा था। बीती रात उसके घर के पास से एक बरात का काफिला गुजर रहा था, जिसमें थार सहित कई गाड़ियां शामिल थीं। इस दौरान एक थार गाड़ी से सायरन की तेज आवाज और बरात में बज रहे तेज डीजे साउंड की आवाज नावेद के कानों में पड़ी। इससे वह अचानक तिलमिला उठा, घबरा गया और उसकी तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी

### पहले योगी बाबा पर की टिप्पणी; अब बोला- 'मुझे माफ कर दीजिए... जज्बात में आकर गलती कर दी'

**गोरखपुर, 21 अक्टूबर (बु.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोपी अली अकबर अब माफी मांग रहा है। केस दर्ज होने के बाद सोमवार को उसने एक नया वीडियो जारी कर कहा कि जज्बात में आकर गलती कर दी, मुझे माफ कर दीजिए। 44 सेकंड के इस वीडियो में अली अकबर ने अपने किए पर अफसोस जताया है। गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर दो, काशीपुर टोला निवासी अली अकबर सऊदी अरब में मजदूरी करता है। शुक्रवार की देर रात उसने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी भरा वीडियो पोस्ट किया था। यह वीडियो तेजी से वायरल हो गया। मामले की जानकारी मिलते ही गुलरिहा पुलिस ने जांच शुरू कर हिंदूवादी संगठन के पूर्व पदाधिकारी घनश्याम चौहान की तहरीर पर केस दर्ज किया गया था। रविवार की शाम पूछताछ के लिए अली अकबर के दो भाइयों अब्दुल मजीद और सलामत खान को थाने बुलाया गया। वहां उन्होंने पुलिसकर्मियों से विवाद कर लिया, जिसके बाद दोनों का शांतिभंग की आशंका में चालान किया गया।



पुलिस ने अली अकबर के पिता 75 वर्षीय सरताज खान ने कहा कि बेटे ने जो किया, उससे पूरा परिवार शर्मिंदा है। गुलरिहा थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि अली अकबर के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी करने की तैयारी शुरू कर दी है, ताकि जैसे ही वह भारत लौटे, उसे गिरफ्तार किया जा सके।

### 'आई लव मोहम्मद' विवाद सोची-समझी साजिश : आजम खां

**रामपुर, 21 अक्टूबर (बु.)।** उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में हुए बवाल के बाद अब समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खान ने 'आई लव मोहम्मद' विवाद पर चुप्पी तोड़ी है। पूर्व मंत्री आजम खां ने इसे सोची-समझी साजिश करार दिया है। उन्होंने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह मामला संवाद से हल हो सकता था लेकिन जानबूझकर इसे तूल दिया गया। उन्होंने कहा कि अगर मैं इसे चिंगारी भी कहूं तो सवाल यह है कि यह छोटी-सी बात इतनी बड़ी आग कैसे बन गई। अगर जिला प्रशासन चाहता तो यह विवाद बातचीत से सुलझाया जा सकता था। इतिहास गवाह है कि चाहे हालात कितने भी बिगड़े हों समाधान आखिरकार बातचीत की मेज पर ही निकाला जाता है। उन्होंने आगे कहा कि यह देश की गंगा-जमुनी तहजीब को चोट पहुंचाने की साजिश थी। जिला प्रशासन चाहता तो बातचीत से मसला सुलझा सकता था। बात चाहे जितनी भी बिगड़ जाए, बातचीत से ही हल निकलता है। जंग के नतीजे देखिए... ये तो सद्भाव बिगाड़ने की साजिश थी। जाहिर है, अगर कोई किसी से प्यार करता है, तो ये उसका जन्मसिद्ध अधिकार है। गौरतलब है कि हाल ही में रामपुर समेत अन्य जगहों पर आई लव मोहम्मद लिखे जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया था।

# योगी का अखिलेश पर तंज: 'गद्दी विरासत में मिल सकती है, बुद्धि नहीं

## बबुआ को कुम्हारों की पीड़ा की समझ नहीं, श्रीराम, देवी-देवताओं से नफरत

**गोरखपुर, 21 अक्टूबर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के दीपोत्सव को लेकर दिए गए बयान पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर एक बार फिर शाब्दिक प्रहार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि दीपावली पर दीये जलाने के विरुद्ध बयान देकर अखिलेश यादव ने यह सिद्ध कर दिया है कि उन्हें अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर, देवी देवताओं, सनातन धर्मऔर दीपावली जैसे इसके पर्व-त्योहारों से भी नफरत है। उनका बयान प्रजापति समाज (कुम्हारों) का अपमान करने वाला है। उन्होंने अखिलेश पर यह भी तंज कसा कि गद्दी तो विरासत में मिल सकती है, बुद्धि नहीं। बिना विवेक वाले लोग ही दीपावली का विरोध करते हैं।

सीएम योगी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष पर गोरखपुर विभाग द्वारा आयोजित विचार-परिवार कुटुंब स्नेह मिलन एवं दीपोत्सव से राष्ट्रोत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अयोध्या में 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर बने मंदिर के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि संघ की सौ वर्ष की यात्रा के कालखंड में असंभव को भी संभव होते देखा गया है। राम मंदिर को लेकर सपा, कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोग प्रश्न करते थे संघ के स्वयंसेवक दृढ़ संकल्प से कहते थे कि मंदिर जरूर बनेगा। संघ ने बंदिशें झेलीं, स्वयंसेवकों ने लाठी गोली खाई। परिणाम भव्य श्रीराम मंदिर के रूप में सबके सामने है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि जो अयोध्या साढ़े आठ वर्ष पूर्व वीरान थी, अब वहां का भव्य दीपोत्सव नई पहचान बन गया है। इस बार 26 लाख 17 हजार दीये जलाने का नया विश्व रिकॉर्ड बना है। उन्होंने कहा कि सपा को दीया जलाने पर भी परेशानी है। सपा प्रमुख कहते हैं कि दीया जलाने की आवश्यकता क्या है, मोमबत्ती जला लेते। उनका यह बयान तिलहन की पैदावार कर दीयों को तेल देने वाले अन्नदाता किसानों और मिट्टी के दीये बनाने वाले कुम्हारों का अपमान है। 2017 के पूर्व मिट्टी को लेकर कुम्हारों की पीड़ा को अगर समझा होता तो बबुआ (सपा प्रमुख अखिलेश यादव) बचकाना बयान नहीं देते। उन्हें नहीं मालूम है कि दो करोड़ लोग मिट्टी के दीयों से लेकर बर्तन के कारोबार से जुड़े हुए है। मिट्टी के उत्पाद आर्थिक निर्भरता और स्वावलंबन का प्रतीक हैं। सीएम ने कहा कि अखिलेश को सनातन धर्म के त्योहारों, देवी-देवताओं से नफरत है। अखिलेश, दुर्योधन की मूर्ति लगाने की बात करते हैं, हमनें कहा कि कंस की भी मूर्ति लगवा लो। सपा को रामद्रोही, कृष्णद्रोही और सनातन पर्व द्रोही बताते हुए उन्होंने कहा कि उनकी सरकार अयोध्या, मथुरा, वृंदावन की आभा चमकाती रहेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कांग्रेस को भी निशाने पर रखा। कहा कि कांग्रेस प्रभु राम और कृष्ण को नकारती थी। कांग्रेस ने अदालत में एफिडेविट देकर कहा था कि भगवान राम और कृष्ण मिथक हैं। सपा ने निर्ममता के साथ राम भक्तों पर गोलियां चलाई थीं।

### सुतली बम पर ग्लास रखकर फोड़ रहे युवक की मौत

**नोएडा, 21 अक्टूबर (बु.)।** छिजारसी कॉलोनी में दिवाली पर सोमवार रात सुतली बम के ऊपर स्टील का ग्लास रखकर फोड़ना जानलेवा बन गया। बम के फटने से ग्लास के टुकड़े युवक के शरीर में घुस गए। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद अस्पताल में उसकी मौत हो गई। कोतवाली सेक्टर-63 पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मूलरूप से पीलीभीत के कंजा गांव निवासी विनोद परिवार के साथ छिजारसी कॉलोनी में मस्जिद वाली गली में रहते हैं। विनोद और उनकी पत्नी एक प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। 20 वर्षीय बेटा शिवा स्नातक की पढ़ाई कर रहा था।

### संत प्रेमानंद को भारत रत्न देने की मांग, सामाजिक कार्यकर्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखा पत्र

**मैनपुरी, 21 अक्टूबर (बु.)।** वृंदावन के संत प्रेमानंद महाराज को भारत रत्न देने की मांग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की गई है। मैनपुरी जिले के सामाजिक कार्यकर्ता सतेंद्र कुमार यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर संत को भारत रत्न देने की मांग की है। उनका कहना है कि जिला मथुरा के वृंदावन निवासी संत प्रेमानंद महाराज आध्यात्मिक और धार्मिक क्षेत्र में महान व्यक्तित्व रखते हैं। वह समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं, जो अपनी शिक्षाओं और विचारधाराओं के लिए जाने जाते हैं। संत के लाखों-करोड़ों अनुयायियों की भावनाओं के अनुरूप उनको देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाए।

### महागठबंधन उम्मीदवार का नामांकन रद्द

**मोतिहारी, 21 अक्टूबर (बु.)।** बिहार विधानसभा चुनाव में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की प्रत्याशी सीमा सिंह मढ़ौरा में बगैर चुनाव लड़े ही हार गईं। अब सुगौली विधानसभा से राष्ट्रीय जनता दल के मौजूदा विधायक और विकासशील इंसान पार्टी के प्रत्याशी शशि भूषण सिंह को भी इसी तरह का झटका लगा है। यह पार्टी क्षेत्रीय दल के रूप में चुनाव आयोग में दर्ज है। विकासशील इंसान पार्टी फिलहाल निबंधित पार्टी नहीं है। इसलिए, ऐसी पार्टी के प्रत्याशी को नामांकन के समय 10 प्रस्तावक के साथ जाना होता है। शशि भूषण सिंह राजद की सोचकर एक प्रस्तावक के साथ चले गए। नामांकन का आवेदन कर दिया। अब जब जांच हुई, तो प्रस्तावकों की संख्या पूरी नहीं होने के आधार पर नामांकन को रद्द कर दिया गया।

### मुंबई में नौ ट्रांसजेंडर ने की सुसाइड की कोशिश

**मुंबइ, 21 अक्टूबर (बु.)।** आत्महत्या की कोशिश करने वाले नौ ट्रांसजेंडर डॉक्टरों की मदद से बचा लिए गए। पुलिस ने बताया कि अपने गुरु के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणियों से आहत नौ ट्रांसजेंडर लोगों ने मुंबई में फर्श साफ करने वाला पदार्थ पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। अधिकारी ने बताया कि सभी लोग सुरक्षित हैं और उपचार के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। मौत को गले लगाने की कोशिश करने वाले लोगों में शामिल एक ने दावा किया कि कुछ व्यक्तियों ने उनकी अध्यात्मिक गुरु सलमा खान और किन्नर मां संस्थान पर अपमानजनक टिप्पणी की गई। इससे आहत होकर नौ लोगों ने एक साथ सुसाइड का दुस्साहस किया।